RNI NO. CHHHIN/2022/83778

# न्यूज रूटीन

मासिक, बलौदाबाजार से प्रकाशित

वर्ष : 02 अंक : 07 मासिक, बलौदाबाजार, जुलाई 2023 E-mail: newsroutine6@gmail.com पृष्ठ : 16 मूल्य : 15 रू.

## मोहन मरकाम ने ली मंत्री पद की शपथ



राज्यपाल हरिचंदन ने दिलाई शपथ

**रायपुर।** राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन ने यहां राजभवन के दरबार हॉल में विधायक श्री मोहन मरकाम को मंत्री पद की शपथ दिलाई। श्री मरकाम ने हिंदी में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। राज्यपाल श्री हरिचंदन एवं मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने शपथ ग्रहण के पश्चात श्री मरकाम को पुष्प गुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, गृहमंत्री श्री ताम्रध्वज साहू, कृषि मंत्री श्री रविंद्र चौबे, वन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर, महिला एवं बाल विकास श्रीमती अनिला भेंडिया, उद्योग मंत्री श्री कवासी लखमा, राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल, नगरीय प्रशासन मंत्री श्री शिवकुमार डहरिया, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्री गुरू रूद्र कुमार, संसदीय सचिवगण, विधायकगण, निगम मंडल के अध्यक्ष, अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन ने किया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू, राज्यपाल के सचिव श्री अमृत कुमार खलखो सहित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

## भेंट मुलाकात की तर्ज पर अब युवाओं के साथ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल करेंगे सीधे संवाद

**रायपुर।** सभी वर्ग के आम नागरिकों से विधानसभावार भेंट-मुलाकात पूर्ण होने के बाद मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल अब प्रदेश के युवाओं से संभागवार सीधे संवाद करेंगे। इस खास आयोजन के दौरान वे युवाओं से उनके मुद्दों, उपलब्धियों और आकांक्षाओं पर बात करेंगे। वे युवाओं के प्रश्नों के जवाब भी देंगे।

छत्तीसगढ़ में राजीव युवा मितान क्लब के गठन से युवा-ऊर्जा को सकारात्मक दिशा मिली है। इन क्लबों के माध्यम से युवा अपने-अपने क्षेत्रों में रचनात्मक कार्य कर रहे हैं। उनमें काफी उत्साह है। संभागस्तरीय आयोजन के दौरान युवा अपने अनुभव साझा करेंगे, ताकि उनके अनुभव का लाभ अन्य लोग भी उठा सकें। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री अपनी बात रखेंगे और युवा भी अपनी बात साझा करेंगे। वे मुख्यमंत्री से प्रश्न भी पूछ सकेंगे। कार्यक्रम में सभी वर्ग के युवाओं का प्रतिनिधित्व होगा।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने साढ़े चार सालों में युवा हित में अनेक निर्णय लिये हैं।

## सांसद दीपक बैज होंगे नए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष



**रायपुर।** चुनावी वर्ष में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने छत्तीसगढ़ के लोकसभा सदस्य दीपक बैज को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की कमान दी है। अब तक इस पद पर कांग्रेस विधायक मोहन मरकाम जिम्मेदारी संभाल रहे थे।

लंबे समय से मोहन मारकम को हटाए जाने की चर्चा हो रही थी। अब कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व ने बस्तर के आदिवासी नेता दीपक बैज को प्रदेश की कमान सौप दी है। बता दें कि दीपक बस्तर सीट से लोकसभा के सदस्य हैं।

विधानसभा चुनावों से पहले कांग्रेस की ये दूसरी बड़ी नियुक्ति है। इससे पहले कांग्रेस ने पार्टी के वरिष्ठ नेता और छत्तीसगढ़ सरकार के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव को राज्य का उपमुख्यमंत्री बनाया था। सीएम ने ट्वीट कर बधाई दी।

### राहुल व भूपेश के करीबी माने जाते हीं दीपक बैज

प्रदेश कांग्रेस के नए अध्यक्ष दीपक बैज को वैसे तो काफी पहले से ही जिम्मेदारी मिलने की संभावना जताई जा रही थी। प्रदेश के विधानसभा चुनाव से कुछ माह पहले मोहन मरकाम की जगह बस्तर सांसद दीपक बैज को नया प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने के कई मायने निकाले जा रहे हैं। बैज अब तक के सबसे युवा प्रदेश अध्यक्ष बने हैं। वहीं मरकाम की गिनती भी कांग्रेस के सफल अध्यक्ष के रूप में होते रही है। बैज को राहुल गांधी व भूपेश बघेल का करीबी माना जाता है। चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र से दो बार विधायक और बस्तर लोकसभा क्षेत्र से सांसद हैं बैज।

बैज को प्रदेश अध्यक्ष बनाने का पत्र उस समय आया, जब मुख्यमंत्री निवास में विधायक दल की बैठक हो रही थी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित सभी विधायकों ने बैज को बधाई दी। बैज को मुख्यमंत्री की पसंद माना जाता है। आने वाले दिनों में टिकट वितरण से लेकर चुनाव प्रबंधन में प्रदेश अध्यक्ष की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। ऐसे में सत्ता और संगठन के बीच बेहतर तालमेल नजर आएगा।

## कैबिनेट में बड़ा फेरबदल, सीएम बघेल के विभागों में कटौती, सिंहदेव को मिली नई जिम्मेदारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के पहले बदलाव का दौर जारी है . भूपेश बघेल की कैबिनेट में नए मंत्रियों की एंट्री के साथ अब विभागों में मंत्रियों के प्रभार में भी बदलाव कर दिया गया है. नए नए मंत्री बने मोहन मरकाम को आदिम जाति विकास, अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक विकास विभाग की जिम्मेदारी दी गई है. लेकिन चौंकाने वाली जानकारी ये है कि सीएम भूपेश बघेल और अबतक कृषि मंत्री रहे रविंद्र चौबे के विभाग में कटौती की गई है.

दरअसल शुक्रवार रात को राजपत्र में नए मंत्री मोहन मरकाम और 3 मंत्रियों के विभागों में बंटवारा हुआ है. बड़ी जानकारी ये है कि सीएम भूपेश बघेल के ऊर्जा विभाग को अब डिप्टी सीएम टी एस सिंहदेव को दिया गया है. इसी तरह भूपेश बघेल सरकार के ताकतवर मंत्री रविंद्र चौबे को स्कूल शिक्षा विभाग के साथ सहकारिता विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है. गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू को कृषि विभाग का अतिरिक्त प्रभार देकर ताम्रध्वज साहू को ताकतवर बनाया गया है.

### अब किसके पास क्या क्या विभाग होंगे?

डिप्टी सीएम टी एस सिंहदेव के पास अब ऊर्जा विभाग की नई जिम्मेदारी के साथ लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, बीस सूत्रीय कार्यान्वयन, वाणिज्यिक कर (जीएसटी) विभाग को जिम्मेदारी रहेगी. गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू को कृषि विभाग की नई जिम्मेदारी दी गई है.इसके अलावा उनके पास पहले से लोक निर्माण गृह, जेल, धार्मिक न्यास और धर्मस्व, पर्यटन विभाग है.

रविंद्र चौबे को कृषि मंत्री की जिम्मेदारी से मुक्त कर उनको स्कूल शिक्षा और सहकारिता का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है. इसके अलावा पहले से पंचायत एवं ग्रामीण विकास, संसदीय कार्य, पशुधन विकास, मछली पालन, जल संसाधन, और आयाकट विभाग की जिम्मेदारी है. प्रेम साय सिंह टेकाम के इस्तीफे के बाद नए कैबिनेट मंत्री बने मोहन मरकाम को स्क्र-स्ट, हक्ष्ट और अल्पसंख्यक विभाग का मंत्री बनाया गया है.

सीएम भूपेश बघेल के विभागों में ऊर्जा विभाग की कटौती की गई है. इसके बाद सीएम के पास सामान्य प्रशासन विभाग, वित्त, खनिज साधन जनसम्पर्क इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रोद्योगिकी और अन्य विभाग जो किसी मंत्री को आबंटित न हो.

### सत्ता और संगठन में बदलाव का सिलसिला जारी

गौरतलब है कि 12 जुलाई को भूपेश कैबिनेट की बैठक हुई.कैबिनेट बैठक के ठीक बाद विधायक दल की भी बैठक हुई. इसके बाद छत्तीसगढ़ के संगठन और सत्ता में बदलाव का दौर शुरू हो गया है.पहले लोकसभा सांसद दीपक बैज को कांग्रेस का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है. चार साल प्रदेश अध्यक्ष रहे मोहन मरकाम मंत्री बनाया गया है. इसके लिए प्रेमसाय सिंह टेकाम को कैबिनेट से बाहर निकाला गया है. इसके बाद अब शुक्रवार को मोहन मरकाम ने मंत्री पद की शपथ ली है और शुक्रवार रात तक 4 मंत्रियों के विभागों का बटवारा हुआ है.

### टेकाम को योजना आयोग का अध्यक्ष बनाया गया

मंत्री पद से हटते ही प्रेमसाय सिंह टेकाम को राज्य योजना आयोग का अध्यक्ष बना दिया गया है। अध्यक्ष बनाकर उन्हे कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया गया है। अब तक सीएम इसके अध्यक्ष हुआ करते थे। टेकाम की संभावित नाराजगी को देखते हुए उन्हे इस पद से नवाजा गया है।

# स्कूलों केनिरीक्षण में पहुँचे कलेक्टर, बच्चों के संग जमीन में बैठ कर चखा भोजन का स्वाद

## निरीक्षण के दौरान 1 शिक्षक मिले अनुपस्थित, एक दिन के वेतन कटौती सहित कारण बताओ नोटिस जारी



**बलौदाबाजार।** नये शैक्षणिक सत्र का जायजा लेने कलेक्टर चंदन कुमार ने जिले के विभिन्न स्कूल का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान वह बलौदाबाजार विकासखण्ड के अंतर्गत प्राथमिक शाला भरसेली,प्राथमिक शाला रवान, एवं पूर्व माध्यमिक शाला रवान में पहुँचकर बच्चों की पढ़ाई सहित अन्य शिक्षा सम्बंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिमसें मुख्य रूप से पाठ्य पुस्तक सामग्रियों का शत प्रतिशत वितरण,गणवेश वितरण, शिक्षकों की संख्या,मध्यान्ह भोजन गुणवत्ता,दर्ज संख्या,बच्चों की पढ़ाई का स्तर शामिल है। निरीक्षण के दौरान पूर्व माध्यमिक शाला रवान मे शिक्षक एल बी हरीश कुमार साहू अनुपस्थित मिले। बिना पूर्व सूचना एवं उनके आवेदन नही होने पर 1 दिन का वेतन काटने सहित कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है। उन्हें 7 दिवस के भीतर जवाब देने के निर्देश दिए है इसके साथ ही मौके पर उपस्थित प्रधानपाठक को कड़ी फटकार लगाते हुए समझाइश दी गयी है कि इस तरह की गलती शिक्षकों के द्वारा नही दोहराना चहिए इनसे बच्चों का अंतत: नुकसान होता है एवं शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित होती है।

कलेक्टर चंदन कुमार प्राथमिक शाला भरसेली में भोजन के समय ही पहुँचे। बच्चों को भोजन करते देख गुणवत्ता का जायजा लेने खुद जमीन में बैठकर बच्चों के संग भोजन किए। इस दौरान कलेक्टर श्री कुमार दूसरी कक्षा की छात्र भूमि ध्रुव एवं तीसरी कक्षा छात्र पायल धृतलहरे से बातचीत कर पढ़ाई के बारे में जानकारी हासिल की। पायल धृतलहरे ने कलेक्टर को बताया कि वह बड़ी होकर डॉक्टर बनना चाहती हूँ। इस पर कलेक्टर ने मन लगाकर पढ़ने का सलाह दिया। भोजन में दाल,आचार एवं आलू की सब्जी परोसा गया जिसकी गुणवत्ता की कलेक्टर ने तारीफ की। साथ ही बच्चों के द्वारा खाने के पहले पार्थना भी किया जिस पर कलेक्टर ने शिक्षकों की भी तारीफ करते हुए कहा बच्चों में ऐसे संस्कार विकसित करनें की जिम्मेदारी हम सब की होती है। इसके दूरगामी परिणाम बच्चों के हम सब को मिलते है।

**बच्चों को पढ़ाया पाठ ...वॉटर स फॉर**

कलेक्टर चंदन कुमार ने पूर्व माध्यमिक शाला रवान में कक्षा 8वी के बच्चों को इंग्लिश विषय की प्रसिद्ध चेप्टर वॉटर स फॉर का पाठ पढ़ाया। कलेक्टर को अपने पास पाकर बच्चों ने बेहद उत्सुकता से पाठ का अवलोकन किया। बच्चों ने कलेक्टर श्री कुमार के एक एक शब्दो का अर्थ बताते हुए उनके प्रश्नों का जवाब दिया। इस दौरान कलेक्टर ने सभी शिक्षकों को पढ़ाई पर अधिक जोर देने,बच्चों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए है। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी सी एस ध्रुव भी उपस्थित रहे।

# श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर में अब तक 3 करोड़ 7 लाख रूपये से अधिक हुई दवाईयों की बिक्री

**91 हजार से अधिक उपभोक्ताओं ने की 1 करोड़ 85 लाख रूपये से अधिक की शुद्ध बचत**




**बलौदाबाजार।** राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर से अब तक जिलें के 7 दुकानों में अब तक 2 करोड़ 59 लाख 8 हजार रूपये की दवाईयों की बिक्री हुई है। इससे 91 हजार 617 उपभोक्ताओं ने 1 करोड़ 85 लाख 46 हजार रूपये की शुद्ध बचत की है। वर्तमान में जिलें के सभी 7 नगरी निकायों में एक-एक श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर का संचालन किया जा रहा है। जिनमें लगभग 52 से 70 प्रतिशत तक की छूट एमआरपी पर दी जा रही है।बलौदाबाजार नगर पालिका अधिकारी यमन देवांगन ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर बलौदाबाजार में अब तक 36 हजार 334 उपभोक्ताओं ने 1 करोड़ 30 लाख 30 हजार रूपये, भाटापारा में 26 हजार 936 उपभोक्ताओं ने 1 करोड़ 15 लाख 71 हजार रूपये,सिमगा में 1 हजार 947 उपभोक्ताओं ने 3 लाख 97 हजार रूपये, लवन में 10 हजार 954 उपभोक्ताओं ने 29 लाख रूपये, कसडोल में 9 हजार 331 उपभोक्ताओं ने 19 लाख 32 हजार रूपये, पलारी में 4 हजार 589 उपभोक्ताओं ने 6 लाख 75 हजार रूपये एवं टुण्डरा में 3 हजार 348 उपभोक्ताओं ने 7 लाख 28 हजार रूपये की खरीदी की है। इसमें बलौदाबाजार में लगभग 76 लाख 96 हजार रूपये,भाटापारा में 75 लाख 21 हजार रूपये, सिमगा में 2 लाख 6 हजार रूपये, लवन में 15 लाख 37 हजार रूपये, कसडोल में 11 लाख 20 हजार रूपये, पलारी में 4 लाख 72 हजार रूपये एवं टुण्डरा में 3 लाख 26 हजार रूपये की बचत हुई है। इस तरह कुल 91 हजार 617 उपभोक्ताओं ने दवाईयों में छूट के बाद 1 करोड़ 85 लाख 46 हजार रूपये की बचत की है। बलौदाबाजार विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम सलौनी निवासी देवेन्द्र गहरवाल ने बताया कि जब से बलौदाबाजार में श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल खुला है तब से प्रति माह लगभग 1 हजार रुपये की दवाई लेता हूं। पूर्व में निजी मेडिकल स्टोर से यही दवाईयां प्रति माह लगभग 3 हजार रूपये में खरीदता था। इस तरह मैं प्रति माह 2 हजार रुपये बचा लेता हूँ जिसका उपयोग घर के अन्य जरूरी कार्यो में करता हूं।

इसी तरह बलौदाबाजार नगर निवासी पिरीतराम धीवर ने कहा कि मैं अपने एवं घर के लिए हर महिने लगभग 9 सौ रूपये का दवाई निजी मेडिकल स्टोर से खरीदता था। अब मैं इन्ही दवाईयों को श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर से लगभग 550 रूपये में खरीदता हूं। इससे लगभग मुझे प्रतिमाह 350 रूपये की बचत होती है जो कि अन्य खर्चो में उपयोग होता है।

# राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन अभियान की शुरुआत

## जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा ने हितग्राहियों को सिकल सेल गोल्डन कार्ड वितरण कर किया शुभारंभ

**बलौदाबाजार।** देश भर में 2047 तक सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन के लक्ष्य को लेकर भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन अभियान की शुरुआत मध्यप्रदेश के शहडोल जिले से की गई। इस अभियान को पूरे देश के साथ साथ जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और हेल्थ एवं वैलनेस केंद्रों पर जन प्रतिनिधियों, मितानिन,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मरीजों, ग्रामीण जनों एवं चिकित्सा कर्मियों ने ऑनलाइन के माध्यम से जुड़ कर अपनी सहभागिता दिखाई इस मौके पर बलौदाबाजार जिला मुख्यालय में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री राकेश वर्मा एवं मंडी अध्यक्ष श्री तुलसी वर्मा द्वारा टोकन स्वरूप हितग्राहियों को सिकलसेल गोल्डन कार्ड का वितरण कर विधिवत कार्यक्रम की शुरुआत जिले में की गई। इस दौरान पूरे जिले में जिला अस्पताल सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं वैलनेस केंद्रों पर सिकलसेल जांच शिविर का भी आयोजन किया गया। इसके साथ ही साथ सिकलसेल के संबंध में लोगों को जानकारी देकर जन जागरूकता का प्रचार-प्रसार भी किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर ने बताया कि,सिकल सेल एक आनुवांशिक रोग है जो माता पिता से बच्चों में हस्तांतरित होता है। इस रोग में व्यक्ति को सुस्ती थकान, शरीर ,छाती में दर्द, कमजोरी ,खून की कमी, जैसी जैसे लक्षण दिखाई पड़ते हैं। यह स्थिति पूरे जीवन काल में बनी रहती है। क्योंकि यह रोग अनुवांशिक है अत: इसकी रोकथाम के लिए विवाह से पूर्व इसकी जांच और जानकारी रखना बहुत जरूरी है और इस अभियान में इसी को ध्यान में रखते हुए सिकल सेल गोल्डन कार्ड मरीज के लिए बनाया जा रहा है। इस गोल्डन कार्ड में मरीज की जानकारी के साथ-साथ यह भी उल्लेखित है कि मरीज को किस प्रकार के व्यक्ति से विवाह करना चाहिए। इस अभियान के तहत 0 से 40 वर्ष तक के सभी व्यक्तियों का सिकलसेल जांच मिशन मोड के तहत किया जाना है।।सिकल सेल गोल्डन कार्ड वितरण के अवसर पर सिविल सर्जन डॉ राजेश कुमार अवस्थी,नोडल अधिकारी सिकल सेल डॉ अशोक कुमार वर्मा,जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती अनुपमा तिवारी, डॉ अविनाश केसरवानी सहित चिकित्सा स्टाफ भी उपस्थित रहे उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ने प्रदेश के प्रथम स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम आदर्श कॉलेज कांकेर में किया वर्चुअल लोकार्पण

## प्रदेश में खुलेंगे 10 स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम आदर्श कॉलेज





**कांकेर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कांकेर में प्रदेश के प्रथम स्वामी आत्मानंद अंगेज़ी माध्यम आदर्श महाविद्यालय का वर्चुअल लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अंग्रेजी माध्यम से जो बच्चे हायर सेकेण्डरी स्कूलों से पढ़कर निकलेंगे, वे स्वामी आत्मानंद अंगेज़ी माध्यम आदर्श महाविद्यालयों में आगे भी इसी माध्यम से पढ़ाई जारी रख सकेंगे। प्रदेश में अंग्रेजी माध्यम के 10 स्वामी आत्मानंद आदर्श महाविद्यालय खोले जा रहे हैं। इन्हीं में से पहले स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय का लोकार्पण आज कांकेर में हुआ।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि मुझे खुशी है कि आज प्रदेश के प्रथम स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय का शुभारंभ कांकेर में हो रहा है। हमारा प्रयास है कि बस्तर में शिक्षा का उजियारा सभी तरफ फैले। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि रायपुर एनआईटी और सेंट्रल यूनिवर्सिटी बिलासपुर में चयनित कांकेर की छात्राएं गरीब परिवारों की हैं। बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है, आवश्यकता उन्हें अवसर प्रदान करने की है।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल आज अपने निवास कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये कांकेर जिले में आयोजित इस कार्यक्रम में कांकेर जिले में स्कूली बच्चों के लिए संचालित हमर लक्ष्य कार्यक्रम अंतर्गत एनआईटी रायपुर में चयनित तीन छात्राओं तथा सेंट्रल यूनिवर्सिटी बिलासपुर में चयनित एक छात्रा से बातचीत की और उन्हें सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। गरीब परिवारों की इन छात्राओं को राज्य शासन द्वारा आगे की पढ़ाई के लिए सहायता राशि प्रदान की जा रही है। हमर लक्ष्य कार्यक्रम के तहत कांकेर जिले के 75 बच्चों ने जेईई में क्वालीफाई किया है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कांकेर जिले में बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने वाले हितग्राहियों जिन्हें नौकरी मिली है, उनके साथ तथा कांकेर के अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय के छात्रों से संवाद किया। वर्चुअल कार्यक्रम के दौरान कांकेर में संसदीय सचिव एवं विधायक कांकेर श्री शिशुपाल सोरी, विधायक अंतागढ़ श्री अनूप नाग, विधायक भानुप्रतापपुर श्रीमती सावित्री मंडावी, अध्यक्ष नगर पालिका श्रीमती सरोज ठाकुर, कलेक्टर डॉ प्रियंका शुक्ला, पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीब परिवार के विद्यार्थी को भी अंग्रेजी माध्यम में उत्कृष्ट शिक्षा दिलाने के लिए वर्ष 2020 में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय की शुरुआत की गई। यह योजना प्रदेश में काफी लोकप्रिय हुई। भेंट मुलाकात के दौरान प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में स्वामी आत्मानंद विद्यालयों की मांग की जाती थी, जिसके आधार पर अनेक स्कूलों की शुरूआत हुई। प्रदेश में आज स्वामी आत्मानन्द योजना के अंतर्गत अंग्रेजी माध्यम के 377 और हिंदी माध्यम के 350 स्कूल संचालित हो रहे हैं। बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत अब तक तीन किश्तों में 01 लाख 17 हजार हितग्राहियों को 80 करोड़ रूपए की राशि दी जा चुकी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्कूलों में पिछले साढ़े चार सालों में 26 हजार 989 शिक्षकों की भर्तियां निकाली गई हैं। पहले 14 हजार 500 शिक्षकों की भर्तियां निकाली गई थी, इनमें से 10 हजार 834 शिक्षकों को स्कूलों में नियुक्तियां दी जा चुकी है। हाल ही में 12 हजार 489 शिक्षकों की और भर्तियां निकाली है, जोकि प्रक्रिया में है।

उन्होंने कहा कि बस्तर संभाग के सभी जिलों में शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में प्राथमिकता के साथ काम किया गया है। बस्तर संभाग के 314 बंद स्कूलों को पुनः खोला गया। बेरोजगार युवाओं को नियमित रूप से बेरोजगारी भत्ता दिया जा रहा है। राज्य सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों से बस्तर में विश्वास, विकास और सुरक्षा का वातावरण बना है।

## पीएम आवास की स्वीकृति के नाम पर कोई भी शुल्क की मांग करें तो तत्काल करें शिकायत

**बालोद।** कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा के निर्देशन में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत जिले में कुल 22,859 आवासों को पूरा कर लिया गया है। साथ ही जिले के शेष 9,535 अपूर्ण आवासों को उनके कार्य के स्तर अनुसार राशि जारी की जा रही है। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव ने बताया कि राज्य कार्यालय से वित्तीय वर्ष 2016-23 के लिए जिले को कुल 32,394 आवासों के निर्माण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। वर्तमान में आवास की स्वीकृति जारी नहीं की जा रही है। राज्य कार्यालय से लक्ष्य प्राप्त होने पर प्राथमिकता के आधार पर प्रतिवर्ष आवास की स्वीकृति जारी की जाती है। आवास स्वीकृति या उपरोक्त कार्य में किसी भी स्तर पर कोई शुल्क किसी माध्यम से नहीं लगता है। उन्होंने बताया कि वाट्सएप्प, फोन व ऑनलाईन माध्यम से संपर्क कर आवास की राशि जारी कराने के नाम पर ठगी के शिकार न हो व किसी के बहकावे में आने से बचें। हितग्राही कहीं भी राशि देने से बचें। आपका नाम स्थायी प्रतीक्षा सूची में दर्ज है तो आवास मिलेगा ही। कोई भी शुल्क मांगे तो इसकी शिकायत तत्काल करें।

## किराना दुकान से राशन का चावल जब्त

**बालोद।** जिले के गुरूर विकासखण्ड में सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत आंबटित चावल जप्त कर 02 किराना स्टोर्स संचालकों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। जिला खाद्य अधिकारी श्री तुलसी ठाकुर ने बताया कि जिले में पीडीएस के तहत वितरण होने वाले चावल को राशन कार्डधारियों द्वारा किराना स्टोर्स के व्यापारियों को बेचने की लगातार शिकायत प्राप्त हो रही थी। उन्होंने बताया कि प्राप्त सूचना के आधार पर खाद्य विभाग की 02 टीमों के द्वारा गुरूर विकासखण्ड के ग्राम बोरतरा के केजऊराम सिन्हा, ग्राम फागुनदाह के राजकुमार निर्मलकर एवं गुरूर के गजेन्द्र कुमार द्वारा संचालित किराना स्टोर्स का जाँच किया गया। श्री ठाकुर ने बताया कि जाँच के दौरान ग्राम बोरतरा के केजऊराम सिन्हा द्वारा संचालित किराना स्टोर्स से सार्वजिनक वितरण प्रणाली अंतर्गत आंबटित 2.80 क्विंटल चावल तथा गुरूर के गजेन्द्र कुमार द्वारा संचालित किराना स्टोर्स से सार्वजिनक वितरण प्रणाली अंतर्गत आंबटित 1.20 क्विंटल चावल पाया गया।

### मुख्यमंत्री ने किया शहरी योजनाओं का विस्तार

## बालोद जिले को मिला एक अतिरिक्त मोबाईल मेडिकल यूनिट की सौगात

- **मोबाईल मेडिकल यूनिट एवं मुख्यमंत्री मितान योजना की सेवा के विस्तार के साथ-साथ अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क का किया वर्चुअल शुभारंभ**
- **विधायक, कलेक्टर सहित जनप्रतिनिधियों ने मोबाईल मेडिकल यूनिट में पहुंचकर कराया अपना स्वास्थ्य जाँच**




**बालोद।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय से राज्य में शहरी सेवाओं का विस्तार करते हुए अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क (यूआईपीए), मोबाईल मेडिकल यूनिट एवं मुख्यमंत्री मितान योजना के सेवाओं के विस्तार का वर्चुअल शुभारंभ किया। कार्यक्रम के वर्चुअल शुभारंभ अवसर पर आज जिला पंचायत बालोद के सभाकक्ष में आयोजित समारोह में संजारी बालोद के विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा, नगर पालिका बालोद के अध्यक्ष श्री विकास चोपड़ा एवं नगर पालिका दल्लीराजहरा के अध्यक्ष श्री शीबू नायर, नगर पालिका बालोद के उपाध्यक्ष श्री अनिल यादव सहित कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ रेणुका श्रीवास्तव एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि आज आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से राज्य के नगरीय निकायों को 30 नई मोबाईल मेडिकल यूनिट की सौगात मिलने के साथ-साथ राज्य के 44 नगरपालिकाओं एवं 02 नगर पंचायतों को मुख्यमंत्री मितान योजना के विस्तार का लाभ मिलेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री बघेल ने पूरे प्रदेश के साथ-साथ बालोद जिले को भी एक मोबाईल मेडिकल यूनिट की सौगात दी है। ज्ञातव्य हो कि बालोद जिले में 03 मेडिकल मोबाईल यूनिट संचालित है। जिले को 01 और अतिरिक्त मोबाईल मेडिकल यूनिट मिलने से जिले में मोबाईल मेडिकल यूनिट की संख्या कुल 04 हो जाएगी। इस अवसर पर विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा, नगर पालिका अध्यक्ष श्री विकास चोपड़ा एवं कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा ने जिला पंचायत परिसर में खड़ी मोबाईल मेडिकल यूनिट में पहुंचकर अपना स्वास्थ्य जाँच कराया।

संपादकीय

# नये मुद्दों को तलासते सत्तापक्ष और विपक्ष

वर्तमान समय मे देश की राजनीति में कई मुद्दे एक साथ चल रहे हैं एक ओर जहां इस समय मणिपुर के घटनाक्रम को केंद्र सरकार की नाकामी बताने में लगा विपक्ष अपनी एकजुटता बढ़ाने में लगा हुआ है। तो सत्ता पक्ष खुद को समान नागरिक क़ानून को लागू करने पर ज़ोर दे रहा है। दूसरी ओर, राजस्थान में उदयपुर की घटना के बारे में भी विवाद चल रहा है और दोनों पक्षों ने इस मामले को उठाया है। भाजपा इसे राजस्थान की कांग्रेस सरकार की नाकामी बता रही है जबकि कांग्रेस कह रही है कि इसका मामला अब केंद्र सरकार के पास है और कन्हैयालाल को न्याय नहीं मिला है।

सत्य यह है कि कन्हैयालाल की दुकान के आसपास का बाज़ार अभी भी खाली है और इसका कारण ख़ौफ़ है। इसके अलावा और भी मुद्दे मैदान में आने वाले हैं, जिसमें ज्यादातर साम्प्रदायिक मुद्दे हो सकते हैं क्योंकि साम्प्रदायिकता ही वो चाबी हैं जिससे वोटों का ताला खोला जाता है।

वर्तमान में भाजपा खुश है और लालायित है क्योंकि राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार है, और यहां पर उसे अपनी विरोधी पार्टी के खिलाफ एंटी कम्बेनेशी का लाभ मिलेगा। कांग्रेस भी उत्साहित है क्योंकि हाल ही में उसने कर्नाटक में भाजपा को हराया है और इससे उसे लग रहा है कि अब उसके अच्छे दिन आने वाले हैं।

दोनों पक्षों के शीर्ष नेताओं का चुनावी मोड में प्रवेश हो चुका है। आम आदमी महंगाई और बेरोज़गारी से परेशान है, लेकिन ये मुद्दे अब चुनावों को प्रभावित करने में सक्षम नहीं दिख रहे,क्योंकि नई पीढ़ी को महंगाई के मायने पता ही नहीं होते, वह तो सिर्फ़ अपने एटीएम कार्ड, क्रेडिट कार्ड और मोबाइल तक ही सीमित होती है। महंगाई जैसा विपक्ष और सत्ता पक्ष दोनों अपनी अपनी धुन में व्यस्त हैं। विपक्ष सत्ता पक्ष से समान नागरिक क़ानून के मामले में स्पष्टीकरण मांग रहा है, और सत्ता पक्ष विपक्ष को भ्रष्टाचार का अड्डा बतला रहा है।

# विवेक शून्य होता समाज

## सहिष्णुता को एक बेहतर मानवीय मूल्य मानने और बताने में कोई कमी नहीं की जाती

पिछले कुछ समय से समाज के आम व्यवहार में जिस तरह की प्रवृत्तियां घुलती जा रही हैं, उसमें ऐसा लगने लगा है कि लोगों के भीतर इस तरह के मूल्यों की जगह बहुत कम हो रही है। बेहद मामूली बातों पर भी जिस तरह न केवल आक्रामक और हिंसक हो जाने, बल्कि पीट-पीट कर हत्या तक कर देने जैसे मामले सामने आ रहे हैं, वे इस बात का संकेत हैं कि लोगों के लिए विवेक का इस्तेमाल करना अब कोई जरूरी बात नहीं रह गई है।

गौरतलब है कि दिल्ली के वजीराबाद इलाके में राह चलते दो लोग आपस में टकरा भर गए। सभ्य होने का तकाजा यह था कि ऐसी स्थिति में दोनों को एक दूसरे से सौहार्द के लहजे में माफी मांग कर आगे बढ़ जाना चाहिए था। लेकिन इसके उलट एक व्यक्ति इस हद तक आक्रामक हो गया कि उसने दूसरे की पीट-पीट कर हत्या कर दी। दिल्ली के ही द्वारका इलाके में हुई दूसरी घटना में भी अभद्र भाषा को लेकर एक व्यक्ति के साथ कुछ लोगों की बहस हो गई और वहां भी आरोपियों ने उसे पीट-पीट कर मार डाला।

दिल्ली में हुई ये दोनों घटनाएं आए दिन देश भर में सामने आने वाले वाकयों की एक कड़ी भर हैं। सड़क पर वाहन चलाते हुए या गली-मोहल्ले में चलते या आस-पड़ोस में किसी बहुत साधारण बात पर दो पक्षों के बीच विवाद शुरू होता है और वह किसी समाधान पर पहुंचने के बजाय एक त्रासदी में खत्म होता है।

सवाल है कि क्या लोगों के पास विवेक का इस कदर अभाव हो गया है कि वे बहुत छोटी बातों का भी हल निकाल पाने में नाकाम हो रहे हैं और किसी की हत्या कर देना ही उन्हें अकेला उपाय लगता है! अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि सिर्फ आपस में टकरा जाने या किसी से वाहन छू जाने भर के बाद बेलगाम हिंसक रुख अख्तियार कर लेने वाले के भीतर इतना समझ पाने का भी विवेक नहीं बचता कि आवेश में आकर वह जो कर रहा है, उसका हासिल क्या होगा और उसके बाद उसे किन परिस्थितियों का सामना कर पड़ सकता है।

किसी व्यक्ति या समाज के सभ्य होने की कसौटी यही होती है कि उसमें लोग अपने आम व्यवहार को लेकर संयत रहें, सामान्य स्थितियों में सबके साथ सलीके से पेश आएं और प्रतिक्रिया की जरूरत पड़ने पर धीरज के साथ पहले विवेक का प्रयोग करें। संवाद और सौहार्द ऐसा जरिया हैं, जो गंभीर और जटिल समस्याओं का भी हल निकाल सकते हैं। विडंबना यह है कि एक ओर अमूमन हर स्तर पर आधुनिक होने का दम भरने में कोई कमी नहीं की जाती और दूसरी ओर बहुत सारे लोगों के भीतर बर्ताव का सलीका गायब होता जा रहा है।

हालत यह है कि मामूली बातों पर भी कुछ लोग इस कदर आपस में युद्ध के दुश्मन की तरह हिंसक हो जाते हैं कि नाहक ही किसी की जान तक चली जाती है। जबकि अगर कोई बात असहमति से आगे बढ़ कर विवाद के रूप में तब्दील होती दिखे तो व्यक्ति अपने विवेक का इस्तेमाल करके उसका समाधान आसानी से निकाल सकता है।

इसके लिए बस अपने आप पर भरोसा और धीरज का होना जरूरी है। लेकिन अक्सर ऐसे मामले देखे जा सकते हैं, जिनमें लोग अहं और अविवेक का शिकार होकर आक्रामक और हिंसक रुख अख्तियार कर लेते हैं। नतीजतन, किसी की हत्या हो जाती है और इसका दोषी अपनी जिंदगी का बड़ा और अहम हिस्सा जेल की सजा काटते हुए बिताता है।

# जिंदगी और दुनिया एक ही सिक्के के दो पहलू




अगर बात जिंदगी हो तो लोग खुद से ज्यादा दूसरों की जिंदगी पर टीका-टिप्पणी करना अधिक पसंद करते हैं। किसी ने कहा भी है कि 'ढूंढ़ता रहा जिंदगी भर औरों की बुराइयों को मगर खुद को कभी देखा नहीं।'

जब दुनिया की बात करते हैं तो दुनिया एक बहुआयामी शब्द है, जिसकी अंतिम व्याख्या संभव ही नहीं है। ऐसा लगता है कि शायद कोई संबंध होगा, जिसे लोग दुनिया से बाहर रखना चाहेंगे, क्योंकि इसमें विश्व राष्ट्र राज्य शहर गांव यहां तक कि आपका परिवार आदि सब आ जाते हैं। जब लोग कहते हैं कि दुनिया खराब है तो वे यह मान चुके होते हैं कि वे खुद भी खराब हैं।

विडंबना यह है कि कोई मानने को तैयार कहां है। दरअसल, जिंदगी में दुनिया को खराब कहना और नकारात्मक विचारधारा का बने रहना सही नहीं है। अगर आशावादी नजरिए से देखें तो गांधी जी ने कहा था कि जो बदलाव आप दुनिया में देखना चाहते हैं, वह पहले स्वयं में करिए।

यह महज एक विचार नहीं, एक मंत्र है जिंदगी और दुनिया को बेहतर बनाने का, क्योंकि अगर लोग स्वयं को सुधारना चाहेंगे तो आपको यह दुनिया भी सुधरती दिखेगी। लोग अक्सर कहते हैं कि 'जिंदगी दुनिया में जीना सिखाती है।'

# अंकों से जुड़ी धारणाएं

## कई ऐसी संख्या है, जिसे समाज में अशुभ माना जाता है। इसी में एक संख्या तेरह भी है।

अमित चमड़िया

आम जीवन में संख्याओं को लेकर इस तरह की धारणाएं अपना काम करती रहती हैं कि कई बार वे अजीब-अजीब तरह से लोगों के साथ शुभ और अशुभ का खेल खेलती हैं। भले ही उनका कोई प्रभाव न हो, लेकिन वे लोगों की गतिविधियों को कई बार नियंत्रित करती हैं। भारत के होटलों में कई बार देखा जा सकता है कि तेरह नंबर के कमरे नहीं मिलते हैं।

कई ऐसी संख्या है, जिसे समाज में अशुभ माना जाता है। इसी में एक संख्या तेरह भी है। संख्या तेरह कब से अशुभ हो गई, इसका कोई मजबूत ब्योरा नहीं मिलता है। राजस्थान के मारवाड़ क्षेत्र से ताल्लुक रखने वाली एक जाति एक अन्य संख्या बारह को शुभ नहीं मानती है। इस जाति के लोग जब कोई भी चीज किसी को उपहार में देते हैं तो वह संख्या बारह नहीं होती है।

उनका मानना है कि किसी की मृत्यु के बाद श्राद्ध कर्म के अनुसार हम मरे हुए इंसान की बारहवीं करते हैं, इसलिए यह संख्या हमारे जीवन में शुभ नहीं है। तो क्या 'तेरहवीं' के स्रोत का सिरा इधर ही जाता होगा? एक बार बनारस की यात्रा करते हुए एक व्यक्ति ने वहां एक किराने के साथ अन्य वस्तुओं की दुकान से कुछ घरेलू चीजें खरीदीं। उस सामान की कुल कीमत हुई चार सौ बीस रुपए।

दुकान में बैठे हुए नौजवान ने कहा कि आप एक रुपए कम दीजिए। कारण पूछने पर नौजवान ने कहा कि मैं 'चार सौ बीस' रुपए नहीं लूंगा। हालांकि पहले सामान के मोलभाव के दौरान वह नौजवान एक रुपया भी कम करने के लिए तैयार नहीं था, लेकिन जब बिल 'चार सौ बीस रुपए' आया तो वह एक रुपया कम लेने की जिद करने लगा। आखिरकार उसे एक रुपया ज्यादा देकर उस 'चार सौ बीस' की संख्या को उसके लेने लायक बनाया गया।

दरअसल, 'चार सौ बीस' भारतीय दंड संहिता की एक धारा है। यह धारा चोरी जैसे अपराध पर लागू होती है। हालांकि इस धारा से उस बिल का कोई संबंध नहीं हैं, लेकिन हमने अपने दिमाग में इस संख्या को भी अशुभ बना दिया। यों हम अपने सामान्य जीवन में तीन अंक की संख्या को भी अशुभ मानते हैं। संख्या तीन के बारे में कई बातें गढ़ी गई हैं। मसलन, 'तीन तिगाड़ा काम बिगाड़ा' और 'तीन टिकट महा विकट'।

ज्यादातर लोग यह प्रयास करते हैं कि उन्हें अपने जीवन में तीन संख्या से न टकराना पड़े। बचपन में ही तीन को अशुभ संख्या के रूप में दिमाग में बैठा दिया गया। नतीजतन, यह प्रयास होता कि किसी भी काम में संख्या तीन नहीं आए। जब कभी किसी शुभ कहे जाने वाले काम के लिए कहीं जाना होता है तो यह प्रयास रहता हैं कि उस कार्य में तीन लोग नहीं जाएं। उससे कम या ज्यादा हो तो ठीक रहेगा। यों संख्या तीन ने कभी भी कोई नुकसान नहीं पहुंचाया है।

पता नहीं, हम किन वजहों से ग्यारह, इक्कीस, इक्यावन, एक सौ एक जैसी संख्या को शुभ मानते हैं और धार्मिक और शुभ माने जाने वाले कार्यों में इन संख्याओं का उपयोग करते हैं। ऐसा भी किसी के पास कोई प्रमाण नहीं है कि इन शुभ माने जाने वाली संख्याओं के इस्तेमाल से किसी को कोई अतिरिक्त फायदा हुआ हो और यह भी नहीं हुआ है कि इस संख्याओं का इस्तेमाल नहीं करने से किसी को कोई नुकसान हुआ हो। फिर हम इन सख्याओं पर इस तरह का 'अत्याचार' क्यों करते हैं?

इसी तरह, सप्ताह के दिनों के बारे में भी कई गड़बड़ चीजें दिमाग में बैठा दी गई हैं। भारत में ज्यादातर लोग शनिवार को कोई नई चीज, जैसे इलेक्ट्रानिक सामान, गाड़ी आदि नहीं खरीदते हैं। कई लोग सरसों तेल और लोहे से बनी चीजें भी शनिवार को नहीं खरीदते हैं। बिहार के सासाराम शहर में एक खास जाति के लोग गुरुवार को भी कोई भी नई चीज नहीं खरीदते हैं। उसके पीछे उनका कहना है कि गुरुवार उनका 'मान' दिन होता है। अमुक दिन अमुक दिशा की यात्रा ठीक नहीं हैं, यह भी धारणा हमारे जीवन मे घुली हुई है।

# गोबर खरीदी में खैरागढ़ जिला को राज्य में मिला दूसरा स्थान

### 84 प्रतिशत गौठानों में हुई गोबर क्रय समन्वय और योजनाबद्ध अभियान से मिली है सफलता - कलेक्टर



**खैरागढ़।** जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई ने कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में रणनीति बनाकर सर्वाधिक गौठानों में गोबर खरीदी करके राज्य में दूसरा रैंक हासिल किया है। सोमवार को जिले के 84 प्रतिशत गौठानों में हुई गोबर क्रय कर यह उपलब्धि प्राप्त किया है। राज्य में बिलासपुर जिला 95 प्रतिशत गौठानों में गोबर क्रय कर प्रथम स्थान पर रहा। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने कृषि एवं संबद्ध विभागों के अधिकारियों को गोबर क्रय करने हेतु योजनाबद्ध रूप से परस्पर समन्वय के साथ काम करने निर्देश दिए थे। गोबर क्रय के प्रदर्शन की उपलब्धि पर उन्होंने कहा कि समन्वय और योजनाबद्ध महाअभियान से सफलता मिली है। आगे कहा कि इसे नियमित बनाये रखना एक चुनौती है। विभागों को ब्लॉकवार स्थित गौठानों में गोबर खरीदी को लेकर सख्त निर्देश दिए थे। गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा गोबर खरीदी पर विशेष कार्य योजना बनाकर कार्य किया और प्रत्येक गौठानों पर प्रत्येक दिवस गोबर खरीदी की गई। गोबर खरीदी में अच्छे प्रदर्शन पर कलेक्टर द्वारा प्रसन्नता व्यक्त किया गया और नियमित बेहतर प्रदर्शन के लिए निर्देश दिए गए।

### रैंकिंग में जिला 33 से सीधे दूसरे नम्बर पर लगाया छलांग

छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना के अन्तर्गत नरवा, गरुवा, घुरुवा, बाड़ी का संरक्षण संर्वधन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों में गौठान स्थापित किया गया है एवं राज्य शासन द्वारा गौठान को गतिविधियों में विस्तारण करते हुये गौठान समिति द्वारा गोबर क्रय किया जा रहा है। केसीजी में गोबर क्रय किये जाने हेतु ग्राम / ग्राम पंचायत स्तर पर दिनांक 25 एवं 26 जून को सभी गोठानों में महाअभियान चलाया गया। जिसके अन्तर्गत ग्राम गौठान प्रबंधन समिति के सदस्यों एवं स्व-सहायता समूहों द्वारा घर-घर जाकर जा कर गोबर क्रय किये जाने प्रोत्साहन किया गया। इस महाअभियान में कुल 1 हजार 155 क्विंटल गोबर की खरीदी की गई जिले में कुल 142 गौठानो में इस महाअभियान को चलाया गया जिसके परिणाम स्वरूप हमारे जिले की स्थिति में एक अच्छी शुरुआत हुई इस महाअभियान के परिणाम स्वरूप हमारे जिले की गौठान वार क्रय में रैंकिंग 33 से सीधे 2 नंबर पर आ गई है जो एक महत्वपूर्ण उपलब्धि रही है। उक्त महाअभियान में क्रय समिति, पंचायत, कृषि और अन्य सम्बद्ध विभागों की सराहनीय भूमिका रही है।

# उदयपुर में हुआ शाला प्रवेश उत्सव

### 1 करोड़ 51 लाख के रोड का हुआ भूमिपूजन

**खैरागढ़।** खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिला के उदयपुर ग्राम के स्कूल प्रांगण में ब्लॉक स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव और सीसी रोड का भूमिपूजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खनिज विकास निगम के अध्यक्ष श्री गिरीश देवांगन एवं क्षेत्रीय विधायक श्रीमति यशोदा नीलाम्बर वर्मा ने किया। इस अवसर पर अतिथियों और जनप्रतिनिधियों के साथ कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा उपस्थित थे।



उदयपुर में आयोजित ब्लॉक स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव और उदयपुर से मुख्य मार्ग तक 1करोड़ 51 लाख के लागत से बनने वाले सीसी रोड के भूमिपूजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष श्री गिरीश देवांगन ने जनसमुदाय को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षा राज्य शासन की प्राथमिकता में है, इसलिए प्रवेश उत्सव मना रहे है।

इस अवसर पर सभा और ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए खैरागढ़ विधायक श्री मति यशोदा नीलाम्बर वर्मा ने कहा कि स्कूल विद्या का मंदिर है, प्रवेश लेकर सभी शिक्षित हो। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ भवन सन्निर्माण मंडल के अध्यक्ष श्री सुशील सन्नी अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश के 7 हजार 174 श्रमिकों के बच्चें पढ़ लिखकर शासकीय नौकरी में लगें है। जीव जंतु कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष श्री आलोक चंद्राकर ने कहा कि गुरुपूर्णिमा के पावन अवसर पर शाला प्रवेशोत्सव में आये सभी बच्चों और पलकों का अभिनंदन है।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने कहा कि राज्य शासन की मंशा के अनुरूप शत-प्रतिशत बच्चों को शाला में प्रवेश कराएं, नि:शुल्क शिक्षा का लाभ उठाएं। इस अवसर पर अन्य वक्ताओं ने सभा को सम्बोधित किया। ग्रामवासियों ने खाद गोदाम को स्कूल से हटाने की मांग की, जिस पर गिरिश देवांगन ने मुहर लगाई। स्कूल का नामकरण स्व. राजा देवव्रत सिंह के नाम पर रखने की मांग की गई, जिसे प्रक्रिया में लेने को कहा गया।

# कलेक्टर ने किया स्कूलों का दौरा, दो प्राचार्यों को नोटिस

### प्राचार्य और स्टॉफ मिलकर व्यवस्था सुधारें, नही तो कार्यवाही तय है- कलेक्टर

**खैरागढ़।** खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने जिले की शिक्षा व्यवस्था को परखने और कसावट लाने के उद्देश्य से हाईस्कूल चंदैनी और हायर सेकेंडरी स्कूल अतरिया बाजार का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने पूछे जाने पर विद्यार्थियों ने पढ़ाई और करियर लक्ष्य के बारे में जानकारी दी।

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने नये शिक्षण सत्र में शालाओं के निरीक्षण के दौरान अव्यवस्था व अनुशासनहीनता पर संस्था प्रमुखों और स्टॉफ को फटकार लगाते हुए निर्देश दिया है कि स्कूलों में प्राचार्य और स्टॉफ मिलकर व्यवस्था सुधारें, नही तो कार्यवाही तय है। बुधवार को कलेक्टर ने जिले के दो शालाओं हाईस्कूल चंदैनी और हायर सेकेंडरी स्कूल अतरिया बाजार का निरीक्षण किया। इस दौरान उच्च कार्यालय के निर्देशों की अवहेलना, अनुशासनहीनता, शालाओं में अस्वच्छता, जाति प्रमाण पत्र बनाने में अरुचि, समन्वय की कमी एवं अव्यवस्था पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए इसे तत्काल ठीक करने के निर्देश दिए है। इस दौरान पूर्व माध्यमिक शाला अतरिया बाजार में शाला मरम्मत कार्यों का निरीक्षण किया और 15 जुलाई तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। आगे कहा कि सभी स्कूलों में मरम्मत तथा अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करें।

# कलेक्टर ने नक्सल हिंसा में शहीद पुलिस जवानों को दी श्रद्धांजलि



**मोहला।** कलेक्टर श्री एस जयवर्धन जिला कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों ने नक्सली हमले में शहीद पुलिस अधीक्षक श्री वी.के. चौबे और 29 जवानों की शहादत को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी। उल्लेखनीय है कि आज से 13 वर्ष पूर्व 12 जुलाई 2009 को एकीकृत राजनांदगांव जिले के मदनवाड़ा क्षेत्र के कोरकोट्टी में नक्सलियों ने एम्बुश लगाया था। इस दौरान मौके पर लगभग 350 नक्सली मौजूद थे। सर्चिंग पर निकले जवानों पर नक्सलियों ने गोलीबारी कर दी। घटना की जानकारी जैसे ही तत्कालीन पुलिस अधीक्षक श्री वी.के. चौबे को मिली, वे जिला मुख्यालय राजनांदगांव से कोरकोट्टी के लिए रवाना हुए। नक्सलियों से मोर्चा लेते हुए शहीद श्री चौबे सहित पुलिस जवान नक्सलियों के एम्बुश में फंस गए। जिससे पुलिस अधीक्षक समेत 29 जवान शहीद हो गए। आज उनकी शहादत दिवस पर जिला कार्यालय परिसर में उनके शहादत को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी गई।

# जेईई मेन्स में चयनित छात्र को अपनी कुर्सी पर बिठाकर कलेक्टर ने किया उत्साहवर्धन

**मोहला।** कलेक्टर श्री एस. जयवर्धन से कलेक्टर कार्यालय में विकासखण्ड मोहला के ग्राम पाऊरखेड़ा के श्री हरसिंह मंडावी ने मुलाकात की और अपने अनुभव साझा किया। उन्होंने बताया कि वे पारंभिक शिक्षा रेंगाकठेरा में हाईस्कूल तक पढ़ाई की। और 12वीं तक की शिक्षा प्रयास विद्यालय रायपुर से पास हुए। जेईई मेन्स में चयन होकर वर्तमान में मद्रास के आई. आई. टी. में पढ़ाई कर रहे है। आगे कलेक्टर बनने की इच्छा जाहिर की।



कलेक्टर ने होनहार छात्र हरसिंह मंडावी की शिक्षा के प्रति लगन और मेहनत को देखकर बहुत खुश हुए और उनका उत्साहवर्धन करते हुए अपने कुर्सी में बैठाया। कलेक्टर ने छात्र को सफलता के टीप देते हुए कहा कि किसी भी क्षेत्र में सफल होने के लिए अपना लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करें। सफलता निश्चित ही मिलती है। शिक्षा ही प्रगति का रास्ता खोलता है। गांव के बच्चों को भी शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने की बात कही। छात्र हरसिंह ने कलेक्टर के बातों को अमल करने का पूरा भरोसा दिलाया और धन्यवाद दिया।

हरसिंह ने कलेक्टर को बताया की मेरी कामयाबी के पीछे मेरे माता-पिता, गुरूजन, मित्रों और समाजसेवी संजय जैन का बहुत बड़ा योगदान है। समाजसेवी ने परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण उन्होंने पढ़ाई-लिखाई में आर्थिक सहायता की।

# कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने किया नक्सल प्रभावित ग्राम हुरेली एवं रेतेगांव का भ्रमण

- सिविक एक्शन अभियान के तहत स्कूली बच्चों को खेल सामग्री क्रिकेट, बैट बॉल, फुटबॉल, कैरम बोर्ड वितरण किया
- ग्रामीणों के साथ की टीम बनाकर खेले मैच
- मदनवाड़ा पखांजूर बॉर्डर क्षेत्र का किया भ्रमण



**मोहला।** कलेक्टर श्री एस जयवर्धन एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह ने सिविक एक्शन अभियान के तहत वनांचल क्षेत्र के सुदूर नक्सल प्रभावित थाना मदनवाड़ा के ग्राम हुरेली व रेतेगांव का भ्रमण कर, स्कूली बच्चों को खेल सामग्री क्रिकेट, बैट बॉल, फुटबॉल, कैरम बोर्ड वितरण किए। अधिकारियों ने ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चों के साथ टीम बनाकर क्रिकेट मैच खेला।

कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने थाना मदनवाड़ा एवं थाना पखांजूर के बॉर्डर एरिया का भ्रमण कर नक्सल गतिविधियों तथा आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने स्थानीय ग्रामीणों से रूबरू होकर क्षेत्र की समस्याओं को सुना एवं शीघ्र ही निराकृत होने का भरोसा दिलाया। जिले के वरिष्ठ अधिकारियों को अपने बीच पाकर ग्रामीण भावुक हुए एवं क्षेत्र भ्रमण के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पुपलेश कुमार, पुलिस अनुविभाग अधिकारी मानपुर श्री मयंक तिवारी, उप पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑपरेशन श्री ताजेश्वर दिवान, थाना प्रभारी मदनवाड़ा श्री देवेंद्र कुमार उपस्थित थे।

# खरीफ-2023 की तैयारियों को लेकर संयुक्त संचालक ने ली बैठक

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशानुसार खरीफ वर्ष 2023 की तैयारियों को लेकर संभागीय संयुक्त संचालक कृषि बिलासपुर संभाग श्री एम के चौहान ने विभाग के समस्त मैदानी अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक ली। इसमें ग्रामीण स्तर पर किसानों की बैठक, समितियों में खाद बीज मांग, भण्डारण की सतत निगरानी कर किसानों को वितरण करने, बीज ग्राम योजना अंतर्गत लक्ष्य के अनुरूप बीजों की भंडारण तथा समय पर किसानों को वितरित करने, फसल क्षेत्राच्छादन विशेष कर दलहन तिलहन उत्पादन को बढ़ावा देने, मिलेट मिशन योजना अंतर्गत रागी कोदो कुटकी की क्षेत्रा विस्तार करने तथा बीज उत्पादन को बढ़ावा देने सहित हरी खाद सन ढेंचा का बीज मांग कर किसानो को प्रयोग कराने की जानकारी उनके द्वारा ली गई। इसी तरह गोधन न्याय योजना अंतर्गत गोबर खरीदी वर्मी खाद उत्पादन वितरण, कन्वर्जन अनुपात, गोठान समितियों की बैठक, स्व सहायता समूह को प्रशिक्षण, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में पेंडिंग कार्य-आधार सीडिंग लेंड सीडिंग ई - केवाईसी को एक सप्ताह में पूर्ण करने, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत अऋणी किसानों की अधिक से अधिक बीमा करने हेतु किसानों की चयन प्रक्रिया शुरू करने, राजीव गांधी किसान न्याय योजना अंतर्गत किसानों को धान की राशि विफल भुगतान को तत्काल सुधार कराने, धान के बदले अन्य फसल को बढ़ावा देने हेतु व्यापक प्रचार प्रसार कर किसानो को लाभान्वित कराने से संबंध में चर्चा हुई। इसके अलावा डॉ. खूबचंद बघेल पुरस्कार हेतु अधिक से अधिक किसानों का चयन करना, अधिक से अधिक किसानो को क्रेडिट कार्ड से लाभान्वित कराना हेतु विस्तार से चर्चा/समीक्षा की गई।

# रीपा के उत्पादों के क्रय विक्रय को लेकर चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधियों से हुई चर्चा

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) के उत्पादों के क्रय विक्रय के लिए छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के जिला इकाई सारंगढ़ बिलाईगढ़ के प्रतिनिधियों के साथ नोडल अधिकारी श्री हरिशंकर चौहान ने बैठक ली। जनपद पंचायत सारंगढ़ के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में रीपा योजना की चर्चा की गई जिसमें सभी प्रतिनिधियों ने सहमति दी और रीपा केंद्र का भ्रमण, निरीक्षण और उत्पादों के अवलोकन हेतु जाने की रूपरेखा तैयार की। उल्लेखनीय है कि जिले के छिंद, गोडम, बेलटिकरी आदि रीपा केंद्रों में घरेलू और व्यावसायिक उत्पादों का उत्पादन किया जा रहा है। इन उत्पादों के विक्रय के लिए जिला प्रशासन द्वारा सारबिला सी मार्ट छत्तीसगढ़िया मॉल की शुरुआत की गई है। इस विक्रय केंद्र के माध्यम से जिले के उत्पादों को क्रय कर स्व सहायता समूहों को प्रोत्साहित करने की पहल जिला प्रशासन द्वारा की गई है।

# गौठानों के गोबर पेंट व ईंट का इस्तेमाल शासकीय भवनों में करें: डॉ सिद्दीकी

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने आयोजित समय-सीमा की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में गौठानों में संचालित विभिन्न गतिविधियों की पोर्टल में एंट्री के संबंध में जानकारी ली एवं उसे समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आदिवासी छात्रों को प्रदान की जाने वाली छात्रवृति के बारे में शिक्षा विभाग को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में जिले के स्कूली विद्यार्थियों के जाति प्रमाण जारी करने संबंधी कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए शीघ्रता से अस्थायी जाति प्रमाण पत्र और स्थायी जाति प्रमाण पत्र की एंट्री के कार्य में तेजी लाने को कहा। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने शासन की फ्लैगशिप योजनाओं को प्राथमिकता में लेते हुए जिले के गौठानों में



निर्मित गोबर पेंट एवं ईंट का इस्तेमाल शासकीय भवनों में प्रमुखता से करने को कहा। इसके पश्चात् कलेक्टर ने मुख्यमंत्री भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान की गई घोषणाओं एवं उनके क्रियान्वयन की प्रगति की जानकारी ली एवं संबंधित विभागों को समय पर कार्य निर्धारित समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा स्कूल जतन योजना के तहत शाला भवनों की मरम्मत का कार्य, रीपा के गौठान में तैयार किए जा रहे मसालों की बिक्री कर उसका उपयोग स्कूल व छात्रावासों में और स्वसहायता समूहों के द्वारा तैयार किए जा रहे स्कूल बैग का क्रय कर जल्द से जल्द वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश कलेक्टर ने बैठक में दिए। पौधरोपण कार्यक्रम के तहत उन्होंने सभी प्रकार का प्लांटेशन आगामी 10 अगस्त तक पूर्ण करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही मुख्यमंत्री बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत लंबित प्रकरणों का निराकरण अगली समय-सीमा बैठक के पूर्व करने के निर्देश अधिकारी को दिए। हरेली पर्व से प्रारम्भ होने वाले छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक के आयोजन को लेकर आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया।

# कलेक्टर ने किया ईव्हीएम डेमोंस्ट्रेशन सेंटर का शुभारंभ

**जांजगीर - चांपा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 को दृष्टिगत रखते हुए ईव्हीएम एवं वीवीपैट के व्यापक प्रचार - प्रसार एवं जन जागरूकता के संबंध में जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा जिले के 03 विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग आफिसर एवं सहायक रिटर्निंग आफिसर्स तथा विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण ईव्हीएम एवं वीवीपैट जागरूकता अभियान के संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मडावी द्वारा विस्तृत जानकारी देते हुये आयोग के निर्देशानुसार सभी मापदण्डों का पालन सुनिश्चित किये जाने हेतु उपस्थित सभी रिटर्निंग आफिसर्स एवं सहायक रिटर्निंग आफिसर्स को निर्देशित किया गया।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के द्वारा जिला कार्यालय जांजगीर - चाम्पा में ईव्हीएम डेमोंस्ट्रेशन सेन्टर का शुभारंभ किया गय तथा जिले के सभी मतदान केन्द्रो में ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीन के प्रचार-प्रसार हेतु मोबाईल डेमोंस्ट्रेशन वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मोबाईल डेमोंस्ट्रेशन वैन के माध्यम से कोई भी व्यक्ति ईव्हीएम एवं वीवीपैट कार्यप्रणाली तथा मतदान की प्रक्रिया की संपूर्ण जानकारी ले सकते हैं। यह वैन जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में जाएगी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एस.पी.वैद्य, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मडावी, ईव्हीएम नोडल अधिकारी गुड्डू लाल जगत, ईव्हीएम नोडल अधिकारी प्रशिक्षण एवं जागरूकता वहीदुरहमान खान, अनुविभागीय अधिकारी जांजगीर ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, सहित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# पचेड़ा,जगमहंत, बुड़ेना, अवरीद में बन रहे पीएम आवास का जि.पं.सीईओ ने किया निरीक्षण

**जांजगीर चांपा।** जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.ज्योति पटेल ने जनपद पंचायत नवागढ़ की ग्राम पंचायत पचेड़ा, जगमहंत, बुडेना, अवरीद में बन रहे प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का जायजा लिया और संबंधित हितग्राही से चर्चा करते हुए उनसे प्राप्त आवास निर्माण को लेकर दी गई किश्तों की जानकारी ली। उन्होंने इस दौरान अधिकारियों, तकनीकी अमले को समय सीमा में आवास को पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) में चल रही गतिविधियों का अवलोकन भी किया। जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम पंचायत पचेडा में बन रहे आवास के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने पचेड़ा में आवास हितग्राही राधाबाई वैष्णव,गोविंदा गढ़ेवाल, रामबाई



सूर्यवंशी, नर्मदा से चर्चा करते हुए कहा कि स्वयं आगे आकर समय सीमा में गुणवत्ता के साथ आवास को पूर्ण कराएं। इसके बाद उन्होंने ग्राम पंचायत अवरीद में निशा कश्यप, जगमहंत में पुरूं राम यादव, बुडेना में छतराम यादव से चर्चा की। उन्होंने हितग्राहियों से कहा कि गुणवत्ता युक्त आवास बनने से उनके लिए बेहतर रहने के लिए स्थान मिल सकेगा। इसलिए आवास की किश्त के अनुसार समय सीमा में पूर्ण कराएं। इस दौरान उन्होंने जनपद पंचायत स्तरीय अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक स्तर पर हितग्राही को दी जा रही किश्त के अनुसार आवास का निर्माण कराये और जियोटैगिंग की जाए। इस कार्य में सतत रूप से मानीटरिंग करते हुए सचिव, रोजगार सहायक के साथ तकनीकी सहायक कार्य करें। उन्होंने गांव में दिए गए लक्ष्य के अनुसार पीएम आवास को पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान जनपद पंचायत सीईओ नवागढ़ अनिल कुमार,पीएम आवास योजना जनपद समन्वयक,तकनीकी सहायक, सरपंच,सचिव मौजूद रहे।

**उत्पादों की करें बेहतर मार्केटिंग -** महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) के तहत ग्राम पंचायत पचेड़ा में औद्योगिक गतिविधियों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि रीपा के माध्यम से फेब्रीकेशन, पेबर ब्लाक, आईस ब्लाक, सेंट्रिंग एवं आरओ का कार्य किया जा रहा है। सभी उद्योगों में क्षमता के अनुसार उत्पादन करते हुए बेहतर मार्केटिंग की जाए। इस दौरान उन्होंने संबंधित उद्यमियों से कहा कि वे आय-व्यय का लेखा जोखा अपडेट रखें। उन्होंने उद्यमियों से कहा कि अगर उन्हें कच्चा माल लाने के लिए लोन की आवश्यकता पड़ती है तो इसके लिए वह अवगत कराएं। उन्होंने गौठान में नियमित रूप से गोबर की खरीदी एवं वर्मी कम्पोस्ट निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

# स्वास्थ्य केंद्रों का होगा उन्नयन: कलेक्टर



**मालखरौदा ।** नवीन जिला सक्ती में स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार हेतु कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना निरंतर प्रयासरत हैं। कलेक्टर ने मालखरौदा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया इस केंद्र में ऑपरेशन थियेटर,पोस्ट आप वार्ड का निर्माण कार्य किया जा रहा है जहां कलेक्टर ने निर्माण कार्य को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। मालखरौदा में बरसों से ऑपरेशन सुविधा का अभाव रहा है अब जल्द ही मालखरौदा सीएचसी में स्त्री रोग विशेषज्ञ सर्जन द्वारा सीजेरियन आपरेशन, महिला नसबंदी ऑपरेशन आरंभ किया जाना है। उन्होंने आपरेशन थियेटर आरंभ करने के पूर्व समस्त तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.सूरज सिंह राठौर, बीएमओ डॉ. के.के सिदार,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मालखरौदा संदीप पोयम तथा अन्य स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## 6 सहायक सूचना अधिकारी,सहायक जनसंपर्क अधिकारी के पद पर हुए पदोन्नत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ जनसंपर्क विभाग में 06 कर्मचारियों को पदोन्नति के बाद नई पोस्टिंग दी गई है। 06 कर्मचारियों को सहायक सूचना अधिकारी से सहायक जनसंपर्क अधिकारी के पद पर पदोन्नति दी गई है। जिन कर्मियों का प्रमोशन हुआ है, उनमें माखनलाल ध्रुव को जनसंपर्क संचालनालय में यथावत रखा गया है, वहीं लल्लूदास मानिकपुरी को जनसंपर्क कार्यालय कोरिया,अनिल कुमार वर्मा को जनसंपर्क संचालनालय में यथावत, रचना मिश्रा को जनसंपर्क कार्यालय बिलासपुर में यथावत,ओमप्रकाश डहरिया को जनसंपर्क संचालनालय और अशोक चंद्रवंशी को जनसंपर्क संचालनालय में यथावत रखा गया है।

# उत्तरी जांगड़े ने खाद बीज संग्रहण सह वितरण गोदाम भवन का किया लोकार्पण



**सारंगढ़ ।** श्रीमती उत्तरी गणपत जांगड़े विधायक सारंगढ़ एवं उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण अपने क्षेत्र के ग्राम पंचायत केडार में नवनिर्मित खाद बीज संग्रहण सह वितरण गोदाम भवन के लोकार्पण समारोह में शामिल होकर विधिवत फीता काट कर किया लोकार्पण। इस अवसर पर स्थानीय जन प्रतिनिधि गण एवं किसानों ने विधायक श्रीमती जांगड़े का आत्मीय स्वागत किया गया। उन्होंने सभी का आभार प्रकट करते हुए बधाई और शुभकामना देकर आशीर्वाद ली इस दौरान साथ में समस्त कांग्रेस के कार्यकर्ता जन प्रतिनिधि गण अधिक संख्या में उपस्थित रहे।

# चंद्रदेव प्रसाद राय विकास खंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव सरसीवा में शामिल हुए



**सरसीवा।** चंद्रदेव प्रसाद राय विधायक एवं संसदीय सचिव विकास खंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव सरसीवा में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी छात्रो के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ ।

उन्होंने सभी नवप्रवेशी बच्चो को तिलक लगा कर स्वागत किया। दिव्यांग बच्चो को ट्राईसायकल और श्रवण यंत्र वितरण किया गया। सेवानिवृत शिक्षको को साल एवं श्रीफल से सम्मानित किया। सभी नवप्रवेशी बच्चो को कॉपी-पुस्तक और गणवेश वितरण किया।

कार्यक्रम में डॉ.स्नेघा तिवारी एसडीएम बिलाईगढ़, ब्लॉक अध्यक्ष, सोसायटी अध्यक्ष, साहू समाज जिलाध्यक्ष, शिक्षक शिक्षिका सहित हजारो लोग सम्मिलित हुए।

# ग्राम रोहरा कला में जिला विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**मुंगेली।** जिला के जिला न्यायाधीश अध्यक्ष व सचिव के मार्गदर्शन में विधिक सेवा जागरूकता शिविर शासकीय हाई स्कूल रोहरा कला में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न जानकारियां दी गई - 1. बच्चो को नलशा के महत्वपूर्ण योजनाओं व चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098, ओर पुलिस विभाग द्वारा चलाए जा रहे अभिव्यक्ति ऐप के बारे में जानकारी दिया गया। 2. विद्यार्थियों को मौलिक अधिकार एवं मौलिक कर्तव्यों एवं




उपयोगिता व लाभ के बारे जानकारी में बताया गया। 3. छात्र वा छात्राओ को गुड टच, बैड टच के बारे में जानकारी दिया गया एवं उन्हें बताया गया कि किसी भी प्रकार के गलत तरीके से कोई भी व्यक्ति यदि स्पर्श करता है तो तुरंत अपने अभिभावकों माता पिता ,अपने टीचरों को सूचित करें। 4.बच्चों से संबंधित होने वाले अपराध, पॉक्सो एक्ट के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। 5.आयुष्मान कार्ड ,श्रम कार्ड के लाभ के बारे में जानकारी दिया गया। इस दौरान पीएलवी, उमेंद कुमार साहू ,अनिल यादव आदि उपस्थित रहे।


# 10 लाख से अधिक ई-बुक, फ्री में मिलेंगे कॉम्पिटिटिव परीक्षा के किताब, मिलेगी वाई-फाई की सुविधा

## डिजिटल लाइब्रेरी के साथ ही यहां सामान्य लाइब्रेरी भी होगी। यहां सभी प्रकार की किताबें भी होगी

**दुर्ग।** दुर्ग जिले का पहला डिजिटल लाइब्रेरी खुर्सीपार श्रीराम चौक के पास में बनाया जा रहा है। करीब 48 लाख की लागत से बन रहे इस डिजिटल लाइब्रेरी से युवाओं और पुस्तक प्रेमियों को बड़ी सुविधा मिलेगी। जो विद्यार्थी आईएएस से लेकर रेलवे, बैंक, एसएससी आदि परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। ऐसे युवाओं को अपने लक्ष्य की तैयारी करने में यह लाइब्रेरी पूरी तरह से लाभदायक साबित होगा। जल्द ही भवन का निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

### अंतिम चरण में निर्माण कार्य

भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव की पहल से इस डिजिटल लाइब्रेरी का निर्माण किया जा रहा है। निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। भवन बन कर तैयार हो गया। अब अन्य जरूरी सुविधाओं को डेवलप किया जा रहा। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव अपने विजन से शहर के विकास के साथ ही शिक्षा और खेल जगत में भी विकास की नई-नई गाथाएं रच रहे हैं। शहर के नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं मिल सकें। इसके लिए सभी जरूरी सुविधाए उपलब्ध कराई जा रही है। सड़क, नाली, पानी जैसे मूलभूत सुविधाओं के साथ ही युवाओं और बच्चों के बेहतर भविष्य को ध्यान में रख कर विधायक देवेंद्र यादव ने शहर में एक भव्य और सर्व सुविधा युक्त डिजिटल लाइब्रेरी बनाने की योजना बनाई है। जो अब मूरत रूप ले चुका है।




इस लाइब्रेरी में लाखों ई-बुक्स रहेगी। सीजीपीएससी, यूपीएससी जैसे बड़े एग्जाम से लेकर बैंक, रेलवे, पटवारी, पुलिस आदि विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी में जरूरी किताबें भी युवाओं को यहां बड़ी आसानी से मिल जाएगी। इसके अलावा कोर्स से संबंधित किताबें भी होंगे। ताकि युवाओं, छात्र-छात्राओं को जरूरी सभी प्रकार की किताबें यहां उपलब्ध रहेंगी। इसके अलावा यहां अन्य सभी प्रकार की किताबें भी होगी। डिजिटल लाइब्रेरी के साथ ही यहां सामान्य लाइब्रेरी भी होगी। लाइब्रेरी भवन दो मंजिला होगा। भवन भी सर्व सुविधा युक्त होगा। भवन पूरी तरह से एयर कंडिशनर रहेगा। बाहर के गाड़ी मोटर की आवाज अंदर ना जाए और बच्चे अंदर लाइब्रेरी के शांत माहौल में बैठ कर आराम से पढ़ाई कर सकें। इसकी भी पूरी सुविधाएं होगी। इसके बाद यहां अन्य सुविधाएं को लेकर काम शुरू किया जाएगा।

### वाई-फाई की भी सुविधा होगी

डिजिटल लाइब्रेरी में सभी प्रकार की सुविधाएं है। जैसे वर्तमान समय में सबसे जरूरी वाई-फाई की भी सुविधाएं होगी। ताकि बच्चे आसारी से ई-बुक्स पढ सकें। इसके अलावा यहां प्रिंटर आदि की भी सुविधाएं होगी। ताकि विद्यार्थी चाहें तो जरूरी कोर्स की पुस्तक आदि प्रिंट कर सकें। इस लाइब्रेरी से 10 लाख से अधिक ई-बुक्स होंगे।

### शिक्षा में ना आए बांधा इसलिए बना रहे लाइब्रेरी

भिलाई विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि लाइफ में पढ़ाई बहुत जरूरी है। किताबें सबसे अच्छे मित्र होते है और हम सब को लाइफ में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते है। हमारी जिम्मेदारी है कि हमारे शहर के बच्चे पढ़ लिख कर तरक्की करें। देश और दुनिया में हमारे शहर और प्रदेश का नाम रौशन करें। उनकी शिक्षा में कोई कमी ना हों, पढ़ाई अच्छे से कर सकें। सभी तरह की पुस्तकें बड़ी आसानी से पढ़ने के लिए मिल सकें।

# आत्मानंद स्कूल के बच्चों के बनाए माडल से फ्यूल चोरी पर लगेगी रोक, आइआइटी गुवाहटी में मिला प्रथम पुरस्कार

**दुर्ग।** दुर्ग जिले के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल के बच्चों ने एक अनोखा माडल बनाया है। इस माडल के जरिए पेट्रोल पंपों में पेट्रोल की होने वाली चोरी को रोका जा सकता है। इसके लिए उन्हें ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी में आयोजित कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त किया था।

इस बार आइआइटी गुवाहटी में आयोजित इनोवेशन डिजाइन एंड इंट्रप्रेन्योरशिप बूटकैम्प कार्यक्रम में बच्चों के माडल की सभी ने सराहना की और बच्चों के माडल को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। इसके लिए कलेक्टर ने बच्चों और शाला प्रबंधन को बधाई दी और उन्हें जिला प्रशासन की तरफ से ऐसे कार्यक्रमों के लिए हरसंभव मदद का आश्वासन देते हुए निरंतर ऐसे इनोवेटिव आइडिया पर कार्य करने कहा।



दरअसल, मिनिस्ट्री आफ एजुकेशन इनोवेशन सेल और आल इंडिया काउंसिल फार टेक्निकल एजुकेशन कि ओर से इनोवेशन डिजाइन एंड एंटरप्रेन्योरशिप बूट कैंप का आयोजन 22 जून से 26 जून तक देश के 6 जोन में किया गया था। इसमें छत्तीसगढ़ पाटन के घुघुवा के स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के छात्र आयुष जोशी और पुर्वेश निषाद के बनाए माडल का चयन आइआइटी गुवाहटी के लिए किया गया।

छात्रों ने बताया कि पेट्रोल पंपों में पेट्रोल की चोरी होती है, लेकिन आम लोगों को इसका पता नहीं चलता। ऐसे में हमने पेट्रोल पंपों में पेट्रोल की चोरी पर रोक लगाने के लिए इस माडल को तैयार किया है। उनके बनाए प्रोजेक्ट स्मार्ट व्हीकल माडल से पेट्रोल पंपों में पेट्रोल की होने वाली चोरी पर रोक लगाई जा सकती है। साथ ही पेट्रोल पंपों में पेट्रोल की चोरी को पकड़ी भी जा सकती है।


# बीएसपी ने वेस्ट से बनाया ग्रीन टाइल्स, हर दिन 1000 उत्पादन का लक्ष्य

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र ने अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर अच्छी पहल की है। संयंत्र द्वारा इससे पेवर ब्लाक (ग्रीन टाइल्स) का उत्पादन शुरू किया है। संयंत्र के प्रभारी निदेशक अनिर्बान दासगुप्ता ने इसकी शुरूआत की। बीओएफ स्लैग से पेवर ब्लाक बनाने में 100 प्रतिशत ठोस अपशिष्ट का उपयोग होने के साथ ही कार्बन डाई आक्साइड उत्सर्जन कम करने में मदद मिलेगी।

संयंत्र के प्रभारी निदेशक अनिर्बान दासगुप्ता के मुख्य आतिथ्य में सेल- ग्रीन टाइल्स प्लांट का उद्घाटन समारोह आयोजन किया गया। यह प्लांट संयंत्र के एलडीसीपी आरएमपी-1 पाउडर शाप के स्थान पर स्थापित किया गया है।

शुभारंभ अवसर पर निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने पूरी टीम को सराहते हुए कहा कि आज का दिन भिलाई इस्पात संयंत्र के लिए अत्यंत हर्ष का दिन है।

आरएमपी-01 की टीम ने बीओएफ स्लैग के निपटान की चुनौती को स्वीकारा और अच्छी पहल की। पेवर-ब्लाकों का उपयोग पार्किंग क्षेत्र और सड़क के किनारे सौंदर्यीकरण और स्वच्छता के उद्देश्य से किया जाता है। यह सेल-ग्रीन टाइल्स प्लांट के दो उद्देश्यों को पूरा करेगा, पहला यह बीओएफ स्लैग के निपटारे में सहायता करेगा और दूसरा यह हमारे प्लांट और टाउनशिप के सौंदर्यीकरण के साथ भविष्य में राजस्व उत्पन्न करने में मदद करेगा। आंतरिक संसाधनों के उपयोग से यह होगा।



# अरसनारा में पुल निर्माण का सेंट्रिंग बहा

## ठेकेदारों को नोटिस, सब इंजीनियरों से मंगाई रिपोर्ट

**दुर्ग।** जिले में नदी पर पुल निर्माण के दौरान लापरवाही बरतने का एक और मामला सामने आया है। शिवनाथ नदी पर सगनी के बाद अरसनारा पथरिया डोमा में पुल पर स्लैब ढलाई के लिए लगाया गया सेंट्रिंग बारिश के पानी में बह गया। सेंट्रिंग बहने का दूसरा मामला सामने के बाद लोक निर्माण सेतु विभाग हरकत में आ गया है। मामले में दोनों पुल के निर्माण का ठेका लेने वाले ठेकेदारों को नोटिस जारी किया जा रहा है। वहीं क्षेत्र के सब इंजीनियरों से उनकी मानीटरिंग से संबंधित रिपोर्ट मंगाई जा रही है।

पिछले दिनों हुई निरंतर वर्षा के बाद शिवनाथ नदी का जल स्तर बढ़ गया है। नदी में दो स्थानों पर लोक निर्माण सेतु विभाग द्वारा पुल का निर्माण कराया जा रहा है। शिवनाथ नदी पर सगनी में पुल निर्माण हेतु स्लैब ढ़लाई के लिए लगाया गया सेंट्रिंग मंगलवार सुबह तेज पानी के बहाव में बह गया। विभागीय अधिकारी इस घटना की जानकारी जुटाने में लगे रहे, इस बीच शाम करीब चार बजे के आसपास अरसनारा, पथरिया डोमा मार्ग में शिवनाथ नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण के लिए लगाया गया सेंट्रिंग भी पानी में बह गया।

कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग दुर्ग के अनुसार उक्त पुल निर्माण के लिए 15 करोड़ 81 लाख 71 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। पुल की लंबाई तीन सौ मीटर है। 13 स्पान में इसे बनाया जाना है। प्रत्येक स्पान 23.07 मीटर का है। पुलि निर्माण के लिए अमर इनफ्रास्ट्रक्चर दुर्ग के द्वारा अनुबंध किया गया है। वर्तमान में स्पान नंबर एक,चार एवं सात में काम पूरा हो गया है।

# शासकीय अधिवक्ता की नियुक्ति रद्द कराने की मां को दी समझाईश

- महिलाएं बेटे के मोह में न रहें
- बुजुर्ग ससुर के खिलाफ झूठे शिकायत को आयोग ने किया नस्तीबध्द
- शासकीय सेवक दुसरा विवाह करने से बचे
- महिला आयोग द्वारा प्रकरणों की सुनवाई

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने जिला पंचायत सभा कक्ष में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर जनसुनवाई की। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक की अध्यक्षता में आज दुर्ग जिला की 192वीं सुनवाई हुई। दुर्ग जिले में आयोजित जन सुनवाई में कुल 34 प्रकरणों पर सुनवाई की गई।

आज के सुनवाई के दौरान एक प्रकरण में अनावेदक शासकीय अधिवक्ता अपने मां का पैसा हड़प चुका है, और अधिवक्ता न्यायालय में अपनी मां के खिलाफ झूठा प्रकरण लगाया है ताकि आयोग में आने से बच सके। आयोग व्दारा आवेदिका (मां) को समझाईश दी गई कि अनावेदक अधिवक्ता का वकालत का लाइसेंस रद्द करवाने हेतु उच्च अधिकारी को आवेदन प्रस्तुत करें। ताकि उसके खिलाफ कार्यवाही करते हुए लाईसेंस रद्द किया जा सके।






अन्य एक प्रकरण में आवेदिक ने बताया है कि उसे उसके मायके वालो के तरफ से 3 एकड़ जमीन बंटवारे में मिली है, जिसके अगल-बगल अनावेदकगण की जमीन है और आवेदिका को अनावेदकगण व्दारा खेती करने से रोका जा रहा है। आज सुनवाई में उपस्थित अनावेदक क्र. 2 ने कहा कि उनके व्दारा आवेदिका को बोवाई करने से नहीं रोका गया है। आयोग व्दारा आवेदिका को बोवाई करने का निर्देश दिया गया तथा बोवाई करने में अगर कोई व्यवधान डालता है तो उसकी विडियो बनाकर प्रस्तुत करने को कहा गया। प्रकरण को सुनवाई हेतु रायपुर में स्थानांतरित किया गया। आवेदिका को अपने खेत में 15 से 20 दिन के अंदर बोवाई करने के लिए कहा गया जिसकी जानकारी आगामी सुनवाई रायपुर में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया।

अन्य प्रकरण में दोनों पक्षों को विस्तार से सुना गया और समझाया गया कि एलआईसी की राशि, जमीन वगैर की अपनी-अपनी सूची को तैयार कर आगामी सुनवाई 01 अगस्त 2023 को रायपुर में आकर प्रस्तुत करना है। छोटी बच्ची को अनावेदकगण को मिलने से मना मत करने का निर्देश दिया गया।

अन्य प्रकरण में उभय पक्ष उपस्थित आवेदिका ने अपना आवेदन प्रस्तुत किया है कि दोनों पक्षों का राजीनामा हो गया एवं न्यायालय से तलाक भी हो गया है। आवेदिका अपना प्रकरण वापस लेना चाहती है। प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। इसी तरह एक और प्रकरण में आपसी समझौता की वजह से प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया है।

अन्य प्रकरण में उभय पक्ष उपस्थित। दोनों पक्षों के बीच मकान बनवाने के लेन-देन को लेकर विवाद था। दोनों पक्ष का कहना है कि आपस में लेन देन नहीं करना चाहते हैं। इसलिए प्रकरण को आयोग द्वारा नस्तीबद्ध किया गया।

अन्य प्रकरण में बुजुर्ग ससुर के खिलाफ आवेदिका ने झूठा शिकायत दर्ज कराई थी जिसमें दोनों पक्षों को सुनने के पश्चात पता चला कि आवेदिका एवं अनावेदक बुजुर्ग ससुर का प्रकरण एसडीएम कार्यालय में लंबित था जिसमें उक्त प्रकरण में आवेदिका एवं उनके परिवार को उक्त मकान खाली करने का आदेशित किया गया है। जिसके कारण उक्त प्रकरण को आयोग ने नस्तीवाद किया।

# जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक में कई मुद्दो पर हुई चर्चा




**दुर्ग।** जिला पंचायत सभा कक्ष में विगत दिवस आयोजित सामान्य सभा की बैठक में एजेन्डेवार मुद्दो पर चर्चा हुई प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा भुनेश्वर यादव की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सदस्यों ने मीनी किट एवं उपकरण का लक्ष्य वितरण व लाभान्वित लोगों की जानकारी, स्कूल संधारण कार्य, शिक्षक विहिन स्कूलों में शिक्षकों की व्यवस्था, डी.एम.एफ. मद से टंकी संधारण कार्य की जांच प्रतिवेदन, ग्राम पंचायत परसदा में पानी की उपलब्धता हेतु बोर खनन, जल जीवन मिशन अंतर्गत बिछाये गये पाइप लाईन गड्ढो को शीघ्र भरे जाने, ग्राम पंचायत पेण्ड्रीतराई, तर्रा एवं पचपेड़ी में गोबर खरीदी के संबंध में जांच, आयुष्मान योजना के तहत उपचार उपरांत क्लेम राशि का भूगतान किया जाने के बाद शेष राशि एवं क्लेम राशि की जानकारी के संबंध में प्रावधान किये जाने की ओर अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट किये। इसके अलावा जिला पंचायत विकास निधि वर्ष 2022-2023 के लिए प्राप्त आबंटन 65.00 लाख के विरूद्ध 61.00 लाख का सदस्यो द्वारा अनुमोदन किया गया। इसी प्रकार वर्ष 2023-2024 के लिए प्राप्त आबंटन प्रथम किश्त राशि 26.00 लाख की कार्य योजना का भी अनुमोदन किया गया । इसके अलावा छ.ग. पंचायत राज अधिनियम 1993 के प्रावधान अनुसार वन एवं पर्यावरण समिति अंतर्गत वन विभाग एवं पर्यावरण प्रदूषण समिति गठित की जाने का प्रस्ताव सर्व सम्मति से अनुमोदन किया गया है। बैठक में जिला पंचायत के उपाध्यक्ष श्री अशोक साहू एवं सदस्य श्री जितेन्द्र कुमार साहू, श्रीमती चन्द्रकला मनहर, श्रीमती लक्ष्मी साहू, श्रीमती योगिता चन्द्राकर, श्रीमती हर्षा लोकमणी चन्द्राकर, श्रीमती माया बेलचंदन, श्री मोनू (मोरध्वज )साहू एवं श्रीमती दुर्गा कमलेश नेताम तथा जनपद पंचायत दुर्ग के अध्यक्ष श्री देवेन्द्र देशमुख, जनपद पंचायत धमधा के अध्यक्ष श्रीमती सरस्वती रात्रे, दुर्ग ग्रामीण विधायक प्रतिनिधि श्री रिवेन्द्र यादव व सांसद प्रतिनिधि श्री देवेन्द्र सिंह चंदेल और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अश्वनी देवांगन सहित समस्त विभाग के अधिकारी उपस्थित थे ।

# नकली कीटनाशक दवाईयों पर कृषि विभाग ने की कार्यवाही

**दुर्ग।** खरीफ वर्ष 2023 में जिले में कृषि आदान सामग्री यथा-खाद, बीज एवं कीटनाशक दवाई आदि का भण्डारण एवं कृषकों को वितरण कार्य प्रगतिरत है। कृषि विभाग द्वारा जिले क विक्रय केन्द्रों के माध्यम से कृषकों को मांग अनुसार गुणवत्तायुक्त निर्धारित दर पर कृषि आदान सामग्री की आपूर्ति हेतु निरंतर निगरानी की जा रही है। इसी अनुक्रम में उप संचालक कृषि, श्री ललित मोहन भगत के मार्गदर्शन में 13 जुलाई 2023 को कीटनाशी निरीक्षक वि.ख. दुर्ग श्री नवीन खोब्रागडे, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री सौरभ वर्मा एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी श्री सोनुराम देवांगन द्वारा संयुक्त रूप से मेसर्स सुन्दरम एग्रोटेक, दुर्ग के विक्रय प्रतिष्ठान एवं गोदाम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान के समस्त दस्तावेज- स्कंध पंजी, बिल बुक, अनुज्ञप्ति पत्र, प्रतिष्ठान में विक्रय हेतु उपलब्ध कृषि आदान सामग्री आदि का अवलोकन किया गया, अवलोकन के दौरान प्रतिष्ठान में बिना लेबल के 58 लीटर पौध संरक्षण औषधी का अवैध भंडारण पाया गया है। जिस पर कीटनाशी अधिनियम 1971 के तहत विक्रय प्रतिबंध कर श्री गोपीचंद भवनानी को सुपुर्द कर उक्त संबंध में कारण बताओं सूचना जारी किया गया है।

# एसईसीएल में सबसे कम समय में 500 लाख टन लदान का कीर्तिमान

**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न कोलफिल्डस लिमिटेड (एसईसीएल) ने चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में अब तक 500 लाख टन कोयला डिस्पैच (लदान) कर लिया है। स्थापना काल से अभी तक सबसे कम समय में कंपनी में यह रिकार्ड स्थापित किया है। पिछले वर्ष इसी अवधि में 440 लाख टन कोयला डिस्पैच किया गया था।

कोयला की मांग बढ़ने पर उत्पादन भी बढ़ा दिया गया है। चालू वित्तीय वर्ष में एसईसीएल को 2000 लाख टन (200 मिलियन टन) कोयला उत्पादन करने का लक्ष्य दिया गया है। इस हासिल करने कंपनी ने अभी से पूरी ताकत झोंक दी है। न केवल उत्पादन बल्कि डिस्पैच पर भी जोर दिया जा रहा है। यही वजह है कि कंपनी ने कोयला डिस्पैच में इस बार 13 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। इसमें सर्वाधिक 400 लाख टन (40 मिलियन टन) कोयला पावर सेक्टर को डिस्पैच किया गया है। इस बार गर्मी के मौसम में विद्युत संयंत्रों को रिकार्ड कोयले की आपूर्ति की गई, इससे विद्युत संयंत्रों में कोयले की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित हो सकी है।

कुल 500 लाख टन कोयला डिस्पैच में कोरबा जिले में अवस्थित कंपनी की मेगा परियोजनाओं गेवरा, दीपका एवं कुसमुंडा ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। एसईसीएल दीपका क्षेत्र ने 98.5 लाख टन, गेवरा ने 151.5 लाख टन व कुसमुंडा क्षेत्र ने 116.7 लाख टन का योगदान दिया है। इस प्रकार कुल डिस्पैच में तीनों मेगा परियोजनाओं की हिस्सेदारी 73 प्रतिशत से अधिक रही है। विदित हो कि कंपनी ने पिछले वित्तीय वर्ष 2022-23 में अब तक का सर्वाधिक 1660 लाख टन कोयला उत्पादन दर्ज किया है। इस वर्ष के लिए कंपनी को 2000 लाख टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य मिला है।

# अगले आठ साल में 19,700 मेगावाट तक बढ़ेगी बिजली की खपत

**कोरबा।** केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण की रिपोर्ट के अनुसार राज्य में वर्ष 2031-32 तक 19700 मेगावाट बिजली की आवश्यकता होगी। प्रस्तावित 660 मेगावाट की दो इकाइयों की स्थापना के बाद भी राज्य विद्युत संयंत्र से मांग के अनुरूप 30 प्रतिशत ही उपलब्ध रहेगी। जबकि आदर्श स्थिति में 50 प्रतिशत बिजली स्वयं के स्त्रोतों से होनी चाहिए। छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल अभियंता संघ ने इस समस्या से निपटने मड़वा संयंत्र में विस्तार परियोजना व बंद हो चुके पूर्व संयंत्र परिसर में बैटरी स्टोरेज सहित सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना का प्रस्ताव रखा गया है।

एक नवंबर 2000 को राज्य की स्थापना उपरांत तीव्र औद्योगिक विकास और जीवन स्तर में परिवर्तन के पीछे राज्य में सतत और सस्ती बिजली की उपलब्धता रही। इसी वजह से छत्तीसगढ़ को पावर हब आफ इंडिया के रूप में पहचान मिली। परंतु दुर्भाग्य से वर्ष 2008 में कोरबा पश्चिम एवं मड़वा तेंदुभाठा में 500 मेगावाट की तीन इकाइयों की स्थापना आदेश जारी हुआ, पर इसके बाद वर्ष 2022 में कोरबा पश्चिम में 660 मेगावाट की दो इकाइयों के स्थापना का निर्णय लिया गया है। वह भी वर्ष 2030 तक शुरू हो पाएगी। वर्तमान में स्वयं के संयंत्रों से 45 प्रतिशत ही बिजली की पूर्ति हो रही है।

जबकि वर्ष 2001 में आवश्यकता का शत- प्रतिशत स्वयं के स्त्रोतों से पूर्ति करते होती थी। इस समस्या से निपटने छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल अभियंता संघ ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के समक्ष मड़वा में विस्तार परियोजना व कोरबा पूर्व में बंद हो चुके संयंत्र परिसर में सौर उर्जा संयंत्र स्थापना का प्रस्ताव रखा है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश पांडेय ने कहा है कि सस्ती एवं निशर्त बिजली वर्तमान में राज्य को एनटीपीसी से प्राप्त होने वाली बिजली की तुलना में छत्तीसगढ़ राज्य उत्पादन कंपनी से प्राप्त होने वाली बिजली लगभग 50 पैसे यूनिट सस्ती है। निजी विद्युत गृहों की दरें और भी ज्यादा है। यदि राज्य वितरण कंपनी किसी केंद्रीय, निजी कंपनी के भुगतान में एक माह भी चूक कर दे, तो राज्य को बाहरी स्त्रोतों से प्राप्त होने वाली बिजली सप्लाई बंद कर दी जाती है। चूंकि कोरबा में देश की सबसे बडे कोयला खदान है, इसलिए विद्युत संयंत्र स्थापित किए जा सकते हैं।

### 38 हजार मेगावाट के नए ताप विद्युत संयंत्र की होगी आवश्यकता

कोरोना काल के बाद बिजली की मांग में तेज वृद्धि हुई है। पहले उम्मीद थी कि निर्माणाधीन परियोजनाओं के अतिरिक्त किसी भी नए ताप विद्युत गृह की आवश्यकता नहीं होगी, पर अब केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण एवं केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग का मानना है कि वर्ष 2030 तक 38000 मेगावाट क्षमता की नई ताप विद्युत परियोजनाओं की आवश्यकता होगी। वहीं वर्तमान में ही पीक पावर रेट 10 रुपये प्रति यूनिट है व दिसंबर में यह 40 रुपये प्रति यूनिट तक पहुंच गया था। आशंका जताई जा रही है कि आगामी कुछ वर्षों में मांग और बढ़ने पर बाजार आधारित बिजली की दरें बहुत ज्यादा बढ़ सकती है।

# नगर पालिक परिषद अध्यक्ष पर मंडराया अविश्वास प्रस्ताव का खतरा

## पार्षदों ने लगाया सरकारी धन के दुरूपयोग का आरोप, कलेक्टर से की शिकायत

**कोरबा।** नगर पालिका परिषद कटघोरा के अध्यक्ष रतन मित्तल पर अविश्वास प्रस्ताव का खतरा मंडराने लगा है। नगर के आठ पार्षदों ने मिल कर उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। अध्यक्ष पर कल्याणकारी योजनाओं को रोकने और सरकारी धन का दुरूपयोग करने का आरोप लगाते हुए अविश्वास प्रस्ताव के लिए व्यवस्था देने मांग कलेक्टर संजीव झा से की है।



कटघोरा नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष रतन मित्तल और पार्षदों बीच चल रही अंदरूनी तनातनी अब मुखर हो गया है। नगर के पार्षद मित्तल के कार्यशैली परेशान है। वार्ड क्रमांक छह के पार्षद मुरली मनोहर साहू का कहना कि नगर के विकास अध्यक्ष को कोई सरोकार नहीं है। उन्होने बताया कि वार्ड से संबंधित समस्या बताए जाने उनके द्वारा नजर अंदाज किया जाता है। उनके क्षेत्र में बरभांठा का सड़क कई वर्षों से टूटा है, जिसके मरम्मत के लिए कई बार आवेदन दिया जा चुका है। अध्यक्ष द्वारा फंड उपलब्ध नहीं होने की बात कही जाती है। सरकारी संसाधनों का किस तरह दुरूपयोग किया जा रहा है उनके मिल में जाकर देखा जा सकता है।

पानी टेंकर लेकर नगर पालिका परिषद में काम करने वाले कर्मचारियों का निजी उपयोग किया जा रहा है। उपाध्यक्ष बजरंग पटेल का कहना है कि नगर विकास के शासन से दो माह पहले पांच करोड़ का आवंटन मिला है। अध्यक्ष मित्तल ने पार्षदों से दो टूक कह दिया है कि राशि के उपयोग का निर्णय वह स्वयं लेंगे। इसमें पार्षदों के हस्तक्षेप स्वीकार नहीं है। पार्षदो के वार्ड के विकास से उन्हे कोई सरोकार नही है। बताना होगा कि अविश्वास प्रस्ताव के लिए पार्षदों के मोर्चा खोलने कटघोरा के राजनैतिक गलियारे चर्चा गर्मा गया है। शिकायत करने वालों में भाजपा के पार्षद शामिल हैं।

बहरहाल शिकायत करने वाले पार्षदों नगर पालिका परिषद उपाध्यक्ष बजरंग पटेल के अलावा मुरली साहू, शरद अग्रवाल, किशोर दिवाकर, आत्मा नारायण पटेल, अर्चना अग्रवाल, शैल बाई आर्मो आदि शामिल थे। शिकायत के मामले में अध्यक्ष रतन मित्तल का कहना है कि कुछ पार्षदों की स्वार्थ सिद्धि नहीं हो रही है, इस वजह से उस पर आरोप लगाया जा रहा है।

# ट्रेनों की बदहाली से राहत दिलाने मंत्री जयसिंह ने रेलवे को लिखा पत्र

**कोरबा।** यात्री ट्रेनों की लेटलतीफी से यात्रियों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। रेल प्रबंधन केवल कोयला लदान पर जोर रहा है। इससे बिलासपुर से आने वाली ट्रेन दो घंटे के बजाए चार- पांच घंटे में पहुंच रही है। ट्रेनों की लेट लतीफी को लेकर राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने नाराजगी जाहिर करते हुए समय पर चलाने पत्र लिखा है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे (एसईसीआर) बिलासपुर के महाप्रबंधक आलोक कुमार को लिखे पत्र में राजस्व मंत्री अग्रवाल ने कहा है कि जिन यात्री रेल गाड़ियों का परिचालन कोरबा रेलवे स्टेशन से किया जा रहा है उनके आने व जाने के समय की लेट-लतीफी से आम नागरिकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। कोरबा से जाने वाली ट्रेनों से बहुत से यात्रियों को अपने गंतव्य तक जाने बिलासपुर से आगे की कनेक्टिंग ट्रेन या रायपुर से हवाई यात्रा की सुविधा लेना पड़ता है, पर ट्रेनों की लेट-लतीफी से यात्री वंचित हो जाते हैं। मंत्री अग्रवाल ने कहा कि यह सिलसिला कोई एक- दो माह से नहीं बल्कि साल भर से अधिक समय से चल रहा है और निरंतर जारी है। रोजाना चार से छह घंटे की देरी से सभी गाड़ियों का कोरबा पहुंचना आम बात हो गई है। सभी यात्री गाड़ियों को स्टेशनों के आऊटर पर घंटों रोक दिया जाता है, इससे सपरिवार बैठे यात्रियों को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।



गेवरा स्टेशन से चलाएं सभी ट्रेन

मंत्री ने कहा कि एसईसीआर अंतर्गत कोरबा एक महत्वपूर्ण औद्योगिक क्षेत्र होने के साथ ही ऊर्जाधानी के रूप में विख्यात है । कोरबा क्षेत्र में स्थित एसईसीएल, सीएसईबी, एनटीपीसी व निजी प्रबंधन अंतर्गत राज्य का एक मात्र एल्यूमिनियम उत्पादक संयंत्र स्थापित है। इनमें विभिन्न राज्यों के हजारों लोग अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस दृष्टि से कोरबा को यदि मिनी इंडिया कहा जाए, तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। विभिन्न प्रतिष्ठानों विशेषकर एसईसीएल की कोयला खदानों में सेवाएं दे रहे लोगों की सुविधा के लिए गेवरा रोड से सभी यात्री रेल गाड़ियों का परिचालन आरंभ किया गया था। इसे कोविड काल से बंद कर दिया गया। सभी रेल गाड़ियों का गेवरा रोड से नियमित परिचालन आरंभ कराने की मांग की गई, पर रेल प्रबंधन ध्यान नहीं दे रहा।

### ठगा हुआ महसूस कर रहे क्षेत्रवासी

उन्होंने कहा कि रेल सुविधाओं के नाम पर कोरबा के आम नागरिक स्वयं को ठगा हुआ महसूस करते हैं और उनमें भारी आक्रोश व्याप्त है। इस व्यवस्था में सकारात्मक रूख अपनाते हुए शीघ्र ही सुधार लाने के लिए यात्री रेल गाड़ियों को महत्व प्रदान कर समय पर परिचालन सुनिश्चित कराया जाता है तो अंचल के निवासियों को बहुत बड़ी सुविधा हो जाएगी अन्यथा आम जनता का आक्रोश कभी भी विस्फोटक हो सकता है और जन आंदोलन का रूप ले सकता है।

# दूरस्थ वनांचल के 25 गांव 15 दिनों से अंधेरे में, रोशनी की आस में आंखें

**कोरबा।** जिला यूं तो पूरे प्रदेश में ऊर्जानगरी के नाम से प्रसिद्ध है लेकिन इसी जिले का अधिकांश क्षेत्र बिजली आपूर्ती के हमेशा बाधित रहती है। यहां के निवासी बिजली की समस्या से काफी परेशान हैं। इसी के अंतर्गत पोंडी-उपरोडा ब्लाक के ग्राम पंचायत लैंगा, पत्थरफोड़, कोडगार, सेमरा, सारी सोनार, बहरी झोरखी, रामपुर, लोकड़हा, सैला, ढेलुआ इनके आश्रित ग्राम मिलाकर लगभग 25 गाँव के ग्रामीण 15 दिनों से अंधेरे में रहने को मजबूर हैं।

यहां के युवा ग्रामीणों द्वारा पोंडी-उपरोडा के एसडीएम कार्यालय पहुंचकर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा। यहां के युवाओं ने बताया कि बारिश की शुरुआत होते ही बिजली की समस्या ज्यादा बढ़ गई है। भीषण गर्मी में तो बिजली की समस्या तो व्याप्त रहती ही है लेकिन बारिश में बिजली जाने से वनांचल क्षेत्र होने से ग्रामीणों में और ज्यादा पैदा हो जाती है।

वनांचल क्षेत्र होने से ग्रामीण क्षेत्रों में जहरीला सांप, बिच्छू, के साथ हाथियों का डर भी ग्रामीणों में सदैव बना रहता है। बिजली के न रहने से ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा हैं। बिजली नही होने की वजह से पीने के पानी की समस्या सबसे ज्यादा निर्मित होती है मजबूरी में लोगो को कुएं का पानी पीना पड़ता है।

युवा कांग्रेस के विधानसभा उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह व अन्य युवाओं ने बताया की इस क्षेत्र की बिजली गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के सबस्टेशन से जुड़ी है। दूरस्थ क्षेत्र होने से समस्या आय दिन निर्मित रहती है। जबकि लैंगा में तीन वर्षों से सबस्टेशन प्रस्तावित है। बिजली विभाग इस पर कोई ध्यान नही दे रहा है। अधिकारियों को इस विषय मे कई बार इस विषय को लेकर ज्ञात कराया जा चुका है।

# विधायक छन्नी साहू ने मजदूरों संग की धान की रोपाई

## कहा- किसानों के बीच रहने का सुख कहीं और नहीं



**राजनांदगांव।** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र की विधायक छन्नी साहू इन दिनों ग्रामीण क्षेत्र में जनसंपर्क में निकल रहीं हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को विधायक छन्नी साहू ग्राम बापूटोला पहुंची थी। वहां से लौटते समय उनकी नजर अचानक खेतों में धान की रोपाई करती महिलाओं पर पड़ी। जिसके बाद कुछ देर तक छत्तीसगढ़ी में संवाद के बाद छन्नी भी खेत में पहुंच गई। वहां उन्होंने महिला मजदूरों के साथ धान के पौधों की रोपाई की। बता दें कि विधायक छन्नी साहू अक्सर ही किसी न किसी चीजों को लेकर सुर्खियों में रही है।

उल्लेखनीय है कि विधायक छन्नी साहू का गृह ग्राम छुरिया ब्लाक का पैरीटोला है। किसान परिवार से संबंध रखने के कारण वे कृषि कार्यों में दक्ष हैं। कई बार खेत-खलिहान में कृषि कार्य करती दिख जातीं हैं। विधायक ने बताया कि किसान और उनके लहलहाते खेत, कृषि कार्य को करते हुए किसानों के बीच रहने का जो आत्मीय सुख है,वो शायद कहीं और नहीं है।

बता दें कि विधानसभा क्षेत्र में धान रोपाई का कार्य जोरों पर है। इसी क्रम में विधायक छन्नी साहू ग्राम बापूटोला में एक किसान के यहां अचानक पहुंच कर कृषि कार्य मे लगे किसानों से मिली व रोपाई काम मे लगे मजदूरों के साथ दोपहर में बासी का आनंद लिया। कहते हैं खेती अपन सेती लेकिन इसी खेती के कार्य के साथ ददरिया का आनंद मिल जाये तो किसी भी कार्य के दौरान होने वाली दुख तकलीफों का अहसास खत्म हो जाता है। इस दौरान धान रोपाई के कार्य के साथ -साथ उनके बीच कांग्रेस की विचारधारा व शासन की जनहितैषी योजनाओं का प्रचार भी किया।



# शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने की दिशा में स्मार्ट टीवी साबित हो रहे कारगर

### कलेक्टर के आव्हान पर नगर निगम राजनांदगांव एवं सरपंचों द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए प्रदान की गई 21 स्मार्ट टीवी

**राजनांदगांव।** कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने आंगनबाड़ी केन्द्रों में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने की दिशा में सामाजिक सहभागिता के साथ अभिनव पहल की है। आंगनबाड़ी केन्द्रों में स्मार्ट टीवी के माध्यम से बच्चों की पढ़ाई कराने की व्यवस्था की गई है। कलेक्टर श्री सिंह के मार्गदर्शन में आज सरपंचों एवं नगर निगम राजनांदगांव द्वारा जिले के 21 आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए स्मार्ट टीवी प्रदान किया गया।

राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत सिंघोला के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 1 एवं 5 के लिए स्मार्ट टीवी प्रदान किया गया। इसी तरह राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत जोरातराई (म) के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 2, ग्राम पार्रीकला के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 2, डोंगरगांव विकासखंड के आंगनबाड़ी केन्द्र तुमड़ीबोड़, छुरिया विकासखंड के ग्राम रतनभाट के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 1 एवं 2, छुरिया विकासखंड के ग्राम पंचायत उमरवाही के आंगनबाड़ी केन्द्र गोटाटोला, जनकपुर, भाठापारा तथा इन्द्रानगर के लिए स्मार्ट टीवी प्रदान किया गया। राजनांदगांव शहर के बल्देवबाग वार्ड, गौरी नगर वार्ड, शास्त्री वार्ड, महात्मा बुद्ध वार्ड, मोतीपुर वार्ड, सेठी नगर वार्ड, गुरूघासीदास वार्ड, सर्किट हाऊस वार्ड, शिवनाथ वार्ड तथा जनता कॉलोनी के आंगनबाड़ी केन्द्रों में नगर निगम राजनांदगांव द्वारा स्मार्ट टीवी प्रदान किया गया। कलेक्टर श्री सिंह ने स्मार्ट टीवी प्रदान करने वाले सरपंचों एवं नगर निगम राजनांदगांव के अधिकारियों को शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री अमित कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता, कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती गुरप्रीत कौर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने निभाई शिक्षक की भूमिका

- कलेक्टर ने जिले में शिक्षा गुणवत्ता बढ़ाने के उद्देश्य से बच्चों के ज्ञान एवं अध्ययन के स्तर को परखा
- कलेक्टर ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सुरगी में कक्षा 11वीं एवं 12वीं कॉमर्स के बच्चों को पढ़ाया
- विद्यार्थियों ने उत्साह एवं खुशी से अपने कैरियर की बातें की साझा



**राजनांदगांव।** कलेक्टर श्री डोमन सिंह शिक्षक की भूमिका में नजर आए। कलेक्टर श्री सिंह ने राजनांदगांव विकासखंड के शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल सुरगी पहुंचकर कक्षा 11वीं एवं 12वीं वाणिज्य संकाय के बच्चों को शिक्षक बनकर पढ़ाया। उन्होंने बच्चों से सवाल-जवाब भी किए और बच्चों की पढ़ाई का आंकलन किया। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि कोई भी विषय छोटा या बड़ा नहीं है। हर विषय महत्वपूर्ण है। अपने विषय में अच्छी मेहनत करें और सफलता अर्जित करें। उन्होंने कहा कि मन के हारे हार है मन के जीते जीत। आप जो सोच रहे हैं, वह बन सकते हैं। लक्ष्य के प्रति समर्पण एवं निष्ठा के साथ कार्य करेंगे, तो सफलता जरूरी मिलेगी। उन्होंने कहा कि कॉमर्स उनका विषय रहा है और इस विषय में कैरियर के अच्छे अवसर हैं। विद्यार्थियों ने उत्साह एवं खुशी से अपने कैरियर की बातें कलेक्टर से साझा की। किसी ने कहा कि चार्टर्ड एकाउन्टेंट बनना है, तो किसी ने कहा आईएएस, प्रोफेसर, बैंक मैनेजर तो किसी ने शिक्षक एवं आर्मी में जाने की इच्छा जाहिर की। कलेक्टर ने कहा कि यह आपके जीवन का महत्वपूर्ण मोड़ है। उन्होंने बच्चों को बड़े सपने देखने कहा। लक्ष्य पाने के लिए अपनी पढ़ाई का समय जरूर बढ़ायें।

कलेक्टर श्री सिंह ने बच्चों को मूल्य ह्रास पढ़ाया और बैलेंस शीट, बैंक समाधान विवरण, खाताबही, चल एवं अचल संपत्ति, लाभ-हानि के संबंध में पूछा और उनके ज्ञान एवं अध्ययन के स्तर को परखा। कलेक्टर ने बच्चों को बताया कि किसी वस्तु में मूल्य ह्रास किस प्रकार घटता है। उन्होंने स्थायी ह्रास का उदाहरण देते हुए बताया कि किसी फैक्ट्री में किस तरह से प्रतिवर्ष ह्रास लगता है। उन्होंने बच्चों को वस्तुओं के मूल्य में वृद्धि एवं घटने की प्रक्रिया को भी समझाया। बच्चों को स्थायी सम्पत्ति एवं अस्थायी सम्पत्ति तथा रायल्टी के संबंध में भी बताया। उन्होंने बच्चों से पुस्तपालन के जन्मदाता का नाम पूछा तो बच्चों ने पुस्तपालन के जन्मदाता लुकास पेसियोला का नाम बताया। उन्होंने अर्थशास्त्र, बिजनेस स्टडी के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कॉमर्स के विद्यार्थियों के लिए बीबीए एवं एमबीए के कोर्स भी कर सकते हैं और कैरियर के लिए कई नए आयाम हैं। कलेक्टर श्री सिंह ने विद्यालय में संचालित विज्ञान संकाय में आरएमए को अपने विषय का अध्यापन कराने के निर्देश दिए।

# जिले में शिक्षा की गुणवत्ता के लिए बढ़ाए गये सशक्त कदम

### 100 संपर्क टीवी डिवाइस शिक्षकों को किया गया प्रदान

### बिना इंटरनेट और रिचार्ज के होगा उपयोग

**राजनांदगांव।** शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने की दिशा में सशक्त कदम बढ़ाते हुए आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में संपर्क फाउंडेशन की ओर से 100 संपर्क टीवी डिवाइस शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों को प्रदान किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल एजुकेशन की शुरूआत एक क्रांतिकारी परिवर्तन का आगाज है। संपर्क फाउंडेशन के अध्यक्ष सेवानिवृत्त आईएएस डॉ. के राजेश्वर राव ने जिले में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि संपर्क टीवी डिवाइस को आंगनबाड़ी केन्द्रों में चला सकते हैं। उन्होंने ग्राम पंचायतों एवं स्कूलों में प्रशिक्षण के दिन को त्यौहार जैसे मनाने कहा। संपर्क टीवी डिवाइस में पाठ्यक्रम योजना बनाया गया है, जिससे बच्चे लाभान्वित होंगे।

कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने कहा कि जिले में शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए सभी शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों में स्मार्ट टीवी के माध्यम से पढ़ाई कराई जा रही है। आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए भी जनसहभागिता से स्मार्ट टीवी उपलब्ध कराया जा रहा है। कलेक्टर ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार करते हुए लगातार कार्य किया जा रहा है। स्मार्ट टीवी के माध्यम से बच्चों के सीखने की प्रवृत्ति का विकास होता है। इसके लिए सामुदायिक सहभागिता एवं शिक्षकों की टीम द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक पैमाने पर कार्य किया जा रहा है। संपर्क फाउंडेशन का यह डिवाइस ग्रामीण क्षेत्रों के लिए उपयोगी साबित होगा। कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि जिले के सभी विकासखंडों में ऑनलाईन कोचिंग प्रारंभ की गई है। जिसमें बोर्ड परीक्षा सहित प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए दक्ष शिक्षकों के माध्यम से ऑनलाईन निःशुल्क कोचिंग भी दी गई है।

# कलेक्टर एल्मा पहुँचे बूथ लेबल अधिकारियों एवं सुपरवाईजरों के प्रशिक्षण में

## निर्वाचन संबंधी जरूरी दिशा-निर्देश दिए, मतदान की शपथ दिलायी



**बेमेतरा।** आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 की तैयारी को लेकर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री पी. एस. एल्मा आज जिले के विकासखंड बेरला में सुपरवाईजर व बूथ लेबल अधिकारियों के चल रहे प्रशिक्षण में पहुँचे। उन्होंने कहा कि मतदान से कोई भी मतदाता वंचित न रहे। इसके लिए उन्होंने त्रुटि रहित मतदाता सूची तैयार करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने बूथ लेबल अधिकारियों एवं सुपरवाईजरों से निर्वाचन के कार्य को गंभीरता से लेते हुए निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कार्य करने को कहा। कलेक्टर ने प्रशिक्षण में बी.एल.ओ. द्वारा प्रत्येक घर का डोर टू डोर सर्वे कार्य 31 जुलाई तक पूर्ण करने एवं दिनांक 01 जुलाई के स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं की जानकारी एकत्रित कर उन्हें मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु कार्यवाही करने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण में उन्होंने सभी बीएलओ एवं सुपरवाईजर को मतदान की शपथ दिलायी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री छन्नूलाल मार्कण्डेय, तहसीलदार श्री मनोज कुमार गुप्ता, नायब तहसीलदार भिंभौरी श्री पौरस वेंताल, मास्टर ट्रेनर्स, सुपरवाइजर एवं बीएलओ उपस्थित रहे।

उन्होंने कहा कि सर्वे के दौरान मतदान केन्द्र के सभी मतदाता का सत्यापन तथा दिव्यांग मतदाता, तृतीय लिंग मतदाताओं, 80 वर्ष से ऊपर की आयु पूर्ण कर चुके मतदाताओं का चिन्हांकन करें। उन्होंने राजनीतिक प्रभुत्व अथवा समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में न छूटे इस हेतु परीक्षण करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने प्रत्येक परिवार में अनुपस्थित, विस्थापित एवं मृत मतदाताओं की जानकारी प्राप्त कर स्थायी रूप से विस्थापित एवं मृत मतदाताओं के नामों को मतदाता सूची से विलोपित करने की कार्यवाही आयोग के निर्देशानुसार करने को कहा।

बेरला के सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजरों का निर्वाचक नामावली के द्वितीय संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 का प्रशिक्षण जनपद सभाकक्ष में आयोजित किया गया था। जिला स्तरीय मास्टर सुनील कुमार झा के बीएलओ व पर्यवेक्षकों को उनके कर्तव्य एवं दायित्व के बारे में विस्तार से जानकारी दिया गया तथा समय सारणी अनुसार कार्य किए जाने की बात बतायी गई। फार्म 6, 7 एवं 8 के बारे में विस्तृत रूप से समझाया गया व घर-घर जाकर सर्वे के दौरान प्राप्त फार्म का संधारण करना एवं ऑनलाइन एंट्री करने हेतु कहा गया। बीएलओ को एप्लीकेशन में के बारे में प्रोजेक्टर के माध्यम से व प्राप्त पीपीटी फाइल के अनुसार बीएलओ एप्लीकेशन फॉर्म को भरने हेतु बताया गया।

# नगर पंचायत बेरला में चल रहा विशेष स्वच्छता अभियान

## आमजन के साथ जनप्रतिनिधि निभा रहे भागीदारी

**बेमेतरा।** जिले में स्वच्छता के प्रति काफी जोर दिया जा रहा है। कलेक्टर श्री पी.एस.एल्मा भी स्कूल शाला-आश्रमों सरकारी कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर रहे है। जहां साफ-सफाई नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त तो कर रहे है। बल्कि साफ-सफाई के सख्ती के साथ निर्देश भी दे रहे है। अधिकारियों के साथ बैठकों में भी यही स्वच्छता की बात भी दोहरा रहे है, लोगों से भी स्वच्छता की अपील कर रहे है।



उनके निर्देश और मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री वनिष दुबे की साफ-सफाई के व्यक्तिगत रुचि व लगन के कारण नगर पंचायत बेरला में आम जन के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि जुड़ने लगे हैं। नगर की साफ- सफाई में भागीदारी निभा रहे हैं। यह नगर में विशेष स्वच्छता अभियान रोज चलाया जा रहा है। जिसके तारतम्य में मंगलवार को सुबह 7:30 बजे से वार्ड क्र. 08 09 एवं 10 स्थित मुख्य मार्ग तथा गली में झाड़ू लगाकर नाली की सफाई तथा प्लॉगिंग भी की गई।

स्वच्छता अभियान में शामिल समस्त नागरिकों को शहर की स्वच्छता में भागीदारी निभाने तथा कचरे के प्रबंधन जिसमें मुख्य रूप से सोर्स सेग्रीगेशन, अपने आसपास जी.व्ही.पी. निर्मित नहीं होने देने, रोड नालियों, तालाबों तथा खुले में कचरा नहीं फेंकने आदि के सम्बंध में लोगों को जागरूक किया गया। अभियान में नगर पंचायत बेरला के अध्यक्ष श्री रासबिहारी कुर्रे, वार्ड क्र. 08 के पार्षद श्रीमती रीना बघेल, वार्ड क्र. 10 के पार्षद श्री मानक सिंह चतुर्वेदी के साथ वार्ड के ब्रांड एम्बेसडर श्री चंद्रिका नौरंगे वार्डवासी रामकुमार साहू, नंदकुमार नौरंगे रामेश्वर बघेल, केवल यादव एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण, उप अभियंता श्री मयंक राठौड़, वार्ड प्रभारी श्री अजीत कुमार वर्मा, श्री ओमप्रकाश शाकार, श्री दीपक बंजारे, श्री विपुल चौबे, श्री देव कुमार श्री रामसेवक शर्मा, श्री खेमराज साहू, वार्ड के महिला स्व सहायता समूह के सदस्यगण, स्वच्छता दीदियाँ, सफाई कर्मचारियों एवं नागरिकों ने भाग लिया।

# एसडीएम ने किया नवोदय विद्यालय का निरीक्षण और बच्चों से की करियर पर चर्चा



**बेमेतरा।** अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एसडीएम सुरुचि सिंह द्वारा बेहरा नवोदय विद्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नवोदय विद्यालय की मेस कमेटी मीटिंग भी आयोजित की गई। जिसमें प्राचार्य, जिला शिक्षा अधिकारी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी सहित जन प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। मेस की साफ सफाई संतोषजनक पायी गई, गार्डन का रखरखाव और किचन गार्डन बनाने के निर्देश दिए। इंटरनेट सुविधा और खेल सुविधा के बारे में भी निर्देशित किया गया। इसके पश्चात एसडीएम ने 11वीं और 12वीं के बच्चों के साथ करियर पर विस्तार से चर्चा की। यूपीएससी एग्जाम, नीट, क्लैट और सीजीपीएससी के लिए कैसे पढ़ाई करनी है, सिलेबस में कौन से विषय हैं पर चर्चा की गई।

# कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ ने सी-मार्ट से खरीदे गेड़ी

## सी-मार्ट में जिले में ही निर्मित गेड़ी 60 रूपये एवं 120 रूपये जोड़ी में है उपलब्ध




**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ की पारम्परिक त्यौहार हरेली हर्षोल्लास एवं धूमधाम से 17 जुलाई को मनाया जाएगा। अच्छे फसल की कामना के लिए मनाये जाने वाले हरेली तिहार के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन किया जाता है। हरेली तिहार में किसान कृषि उपकरणों की पूजापाठ करते है। साथ ही इस दिन बांस की बनी गेड़ी चढ़ने की भी परंपरा है। इसी परंपरा को बनाये रखने के लिए आज कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने शहर में स्थित सी-मार्ट में पहुंचकर गेड़ी खरीदा। साथ ही जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव और अपर कलेक्टर श्री अविनाश भोई ने भी गेड़ी खरीदकर हरेली तिहार धूमधाम से बनाने की अपील जिलेवासियों से की। सी-मार्ट में बंसोड़ जनजाति के सदस्यों द्वारा बांस की गेड़ी बिक्री के लिए उपलब्ध है। छोटी गेड़ी की कीमत सिर्फ 60 रूपये और बड़ी गेड़ी की कीमत 120 रूपये प्रति जोड़ी है। कलेक्टर श्री छिकारा ने हरेली तिहार खुशी और उल्लास के साथ मनाने तथा गेड़ी बनाने वाले जनजाति सदस्यों को प्रोत्साहित करने के लिए उनके बनाये गेड़ी को सी-मार्ट से खरीदने की अपील जिलेवासियों से की है। जिले में श्यामनगर स्थित रीपा में भी महिला समूहों द्वारा गेड़ी का निर्माण किया जा रहा है। वहां भी महिलाओं द्वारा निर्मित गेड़ी और पूजा की थाली बिक्री के लिए उपलब्ध है। इस अवसर पर एसडीओ श्री अतुल श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। कलेक्टर ने इस दौरान आमजनों और गेड़ी खेल प्रेमियों से अपील की है कि वे छत्तीसगढ़ राज्य के इस पारम्परिक तिहार को उत्साहपूर्वक मनाये एवं सस्ती दर पर सी-मार्ट के माध्यम से अधिक से अधिक गेड़ी खरीद कर बंसोड़ों के आर्थिक उन्नयन में सहयोग करें।

# कलेक्टर ने रोका-छेका कार्यक्रम अंतर्गत टाइगर रिजर्व क्षेत्र के गांवो में पशु चिकित्सा शिविर लगाने दल को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

## चिकित्सा दल गांवों में शिविर लगाकर पशु टीकाकरण एवं रोका-छेका कार्यक्रम में लायेंगे जागरूकता



**गरियाबंद।** कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने कलेक्टोरेट परिसर से रोका-छेका कार्यक्रम अंतर्गत उदंती सीतानदी टाइगर रिवर्ज क्षेत्र के गांवों में पशु चिकित्सा शिविर लगाने चिकित्सा दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान दल की चार गाड़ियां रवाना हुई। इस दौरान उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक श्री वरूण जैन, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ डी.ओ.पी. जोशी एवं विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। दल को रवाना करते हुए कलेक्टर ने कहा कि खरीफ सीजन में फसल को खुली चराई से बचाने तथा मवेशियों से सुरक्षित करने के लिए राज्य शासन द्वारा रोका-छेका अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत मवेशियों को खुले में न छोड़कर गौठानों में रखने के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने चिकित्सा दल को टाइगर रिजर्व क्षेत्र के गांवों में शिविर लगाकर रोका-छेका कार्यक्रम के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करने तथा वहां मवेशियो को बीमारियों से बचाव के लिए आवश्यक टीका लगाने के निर्देश दिये। साथ ही कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए शुभकामनाएं भी दी।

उप संचालक डॉ जोशी ने बताया कि कार्यक्रम के तहत उदंती अभ्यारण्य के अंतर्गत कोर एवं बफर जोन के गांवों में सघन टीकाकरण एवं पशु चिकित्सा शिविर लगाया जायेगा। पशु चिकित्सा कार्य करने के लिए पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ, सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी तथा अध्ययनरत छात्रों की संयुक्त टीम बनाई गई है। गठित दल अभ्यारण्य के कोर एवं बफर जोन के गांवों में जाकर ग्रामीणों को मवेशियों को बीमारी से बचाव एवं सुरक्षा के लिए आवश्यक जानकारी देंगे। साथ ही चिकित्सा दल द्वारा पशुओं का टीकाकरण भी किया जायेगा।

# जिले के दृष्टिबाधित एवं अल्प दृष्टिबाधित बच्चों को मिलेगा फिजियोथेरेपी एवं स्पीच थेरेपी का लाभ



**महासमुंद।** दृष्टिबाधित एवं अल्प दृष्टिबाधित बच्चों हेतु जिला परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा में स्थापित संसाधन कक्ष में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री एस. आलोक द्वारा सहायक उपकरणों को प्रदान कर संसाधन कक्ष का अवलोकन किया गया। साइटसेवर्स के सहयोग से सहायक उपकरणों में मैग्नीफायर लेंस, डॉम मैग्नीफायर, टॉकिंग कैल्कुलेटर, टेक्सटाइल मैप बुक, पैग बॉर्ड, टाइपोस्कोप, सिग्नेचर गाइड, लेटर राइटर, कम्प्यूटर एवं प्रिंटर इत्यादि प्रदान किया गया। इस संसाधन कक्ष में अब जिले के सीपी, एम.आर., डाउन सिंड्रोम, वाणी दोष इत्यादि दिव्यांगता वाले बच्चे लाभान्वित हो सकेंगे।

जिला परियोजना कार्यालय में संचालित फिजियोथेरेपी एवं स्पीच थेरेपी का औचक अवलोकन के दौरान श्री एस. आलोक द्वारा थेरेपिस्ट को दिशा-निर्देश दिया गया। उक्त कार्यक्रम में उपसंचालक, समाज कल्याण विभाग श्रीमती संगीता सिंह, समग्र शिक्षा से श्री कमल नारायण चन्द्राकर, जिला मिशन समन्वयक, श्री डी.एन. जांगड़े, एपीसी (समावेशी शिक्षा), श्रीमती विद्या साहू एपीसी (बालिका शिक्षा), श्रीमती सम्पा बॉस, एपीसी (पैडागाजी), साइटसेवर्स से राज्य तकनीकी सलाहकार (समावेशी शिक्षा) श्री करन सिंह सिसोदिया, जिला परियोजना समन्वयक श्री मुकेश निषाद, जिला समावेशी विशेष शिक्षक श्री नीरज सिंह उपस्थिति रहे। कार्यक्रम में श्रीमती संगीता सिंह द्वारा बच्चों की दिव्यांगता एवं शैक्षणिक उपलब्धि का जायजा लिया गया तथा यूडीआईडी कार्ड बनवाने हेतु दिशा-निर्देश दिये गए। महासमुन्द के विभिन्न शासकीय विद्यालयों से आये दृष्टिबाधित बच्चों के साथ उनके पालकों ने भी बच्चों के संबंध में एवं सामाजिक मुख्यधारा में सम्मिलित होने संबंधी बातों को व्यक्त किया। जिला मिशन समन्वयक एवं एपीसी (समावेशी शिक्षा) द्वारा दिव्यांग बच्चों को विद्यालय स्तर पर मिलने वाली सुविधाओं का पूर्ण परिचय दिया तथा पालकों का दिव्यांगता के संबंध में समस्याओं का निराकरण भी किया।

## कलेक्टर ने ली महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक

**महासमुंद।** कलेक्टर श्री प्रभात मलिक ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत सीडीपीओ और सुपरवाइजर के साथ बैठक कर उन्हें सुपोषण अभियान के बेहतर क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री एस.आलोक, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास श्री समीर पांडेय उपस्थित थे।

कलेक्टर ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पदों पर भर्ती प्रक्रिया की परियोजना वार जानकारी ली और भर्ती प्रक्रिया समय अवधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए और भर्ती प्रकिया पूर्ण न होने पर कार्यवाही करने कहा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक आंगनबाड़ी सेविकाओं की भूमिका सुनिश्चित करें और 15 दिवस के अंदर सभी ऑनलाइन एंट्री करके लक्ष्य पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि समय सीमा में लक्ष्य पूर्ण नहीं होने की स्थिति में और लापरवाही बरतने वाले सभी संबंधित कर्मचारियों पर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने विभाग द्वारा किए गए सारे कार्यों को आंकड़ों के साथ नियमित रुप से एमआईएस में ऑनलाइन एंट्री समय पर करने के निर्देश दिए। श्री मलिक ने जिले के सभी ब्लॉक में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र को नियमित समय पर खोलने तथा गुणवत्तापूर्ण भोजन व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को गर्म भोजन के साथ अतिरिक्त पोषण आहार में अंडा, रेडी टू ईट दिया जाए। बच्चों के परिजनों को भी पोषणयुक्त आहार की जानकारी दें और उसका पालन करने प्रेरित करें।

# महज़ एक माह के प्रशिक्षण में युवतियाँ खुद की सिली हुई पोशाक पहन कॉलेज आयी

**महासमुंद।** लाइवलीहुड कॉलेज ने युवाओं की जिंदगी में अब बदलाव की बयार लायी है। 8-10वीं पास युवाओं से लेकर स्नातक और स्नातकोत्तर युवाओं को इस कॉलेज में उनकी रुचि के अनुरूप विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षण दिया जाता है। अभी तक किसी प्रकार का हुनर, प्रशिक्षण के अभाव में रोजगार नहीं मिल पाता था। लेकिन अब मुश्किल आसान हो गई है। अब युवाओं के पास रोजगार है और स्वयं उद्यमी भी बन रहे हैं।




राज्य सरकार युवाओं को उनकी अभिरुचि और स्थानीय बाज़ार मांग के अनुसार प्रशिक्षण दिलाकर स्वरोज़गार स्थापित करने का काम कर रही है। शासन की मंशा के अनुरूप यह कॉलेज कौशल उन्नयन का बखूबी कार्य कर रही है। यह युवाओं के एक नयी सुबह का संकेत है। जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज पॉलिटेक्निक भवन बरोंडा बाजार महासमुंद मे शासन के मंशा अनुरूप सिलाई कोर्स 30 युवाओं जिसमें बेरोजगारी भत्ता एवं नॉन बेरोजगारी भत्ता के युवा कौशल प्रशिक्षण का लाभ ले रहे है। महज एक माह की ट्रेनिंग मे ही काफ़ी कुछ सीख गए।

जिसका उदाहरण बीते मंगलवार को प्रिया सिन्हा, होमिका सिन्हा, देवश्री साहू व अनीता निर्मलकर अपने ही सिले हुए कपड़ो को खुद पहन कर प्रशिक्षण में आये। जिसे देखकर अन्य प्रशिक्षणार्थियों ने भूरी-भूरी प्रशंसा की। उनके हुनर की तारीफ़ की। जिससे की बाकि लोगों को भी प्रेरणा मिल सके। इसके अलावा उन्हें आज के मॉडल और आधुनिक दौर में उपयोग होने वाले कपड़ो की डिज़ाइन के साथ सिलाई का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# चाय बेचने वाले की बेटी ने भेदा एनआईटी का लक्ष्य, रायपुर में करेगी इंजीनियरिंग की पढ़ाई

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में स्थित कोरर एक दूरस्थ क्षेत्र है। यहां के बच्चों ने कभी नहीं सोचा था कि वो एक दिन अपना असंभव सा लगने वाला लक्ष्य पूरा करेंगे। कोरर की रहने वाली शालिनी कहती हैं यदि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने हमर लक्ष्य योजना की शुरूआत नहीं की होती तो आज एनआईटी में पढने् का उनका सपना कभी पूरा नहीं हो सकता था।

कहते हैं न प्रतिभा किसी पहचान की मोहताज नहीं होती और न ही वह स्थान देखती है। वर्तमान परिवेश में प्रतिभायें पिछड़े एवं ग्रामीण ईलाकों से भी निकल रही है और अपना परिचय दे रही है। ऐसी ही कहानी है कांकेर जिले के कोरर की जहां की कुमारी शालिनी औरेया का एनआईटी मैकेनिकल में चयन हुआ है। शालिनी से बात करने पर उसने बताया कि उसके पिता कोरर में एक सामान्य चाय




का ठेला चलाते है। उनकी इच्छा थी कि उनकी बेटी अच्छी शिक्षा प्राप्त करे लेकिन आर्थिक स्थिति इस काम में बाधा डाल रही थी। शालिनी ने बताया कि उसने 12वीं तक की पढ़ाई शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल कोरर में ही पूरी की और उसे 88 प्रतिशत प्राप्त हुए। इसके बाद उसने जिला प्रशासन द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु संचालित हमर लक्ष्य कोचिंग सेंटर में अपनी कोचिंग प्रारंभ की। शालिनी की इस सफलता को प्रोत्साहित करते हुए जिला प्रशासन ने उसकी पढ़ाई का पूरा खर्च उठाने की जिम्मेदारी ली है। इस सहयोग के मिल जाने से शालिनी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की इस योजना ने मेरे उड़ान के हौसले में पंख लगा दिया है जिसके लिए मैं मुख्यमंत्री का सदैव आभारी रहूंगी।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल आज अपने निवास कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये कांकेर जिले में आयोजित स्वामी आत्मानन्द शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय कांकेर का लोकार्पण, हमर लक्ष्य कार्यक्रम अंतर्गत एनआईटी रायपुर में चयनित छात्रों को कॉलेज फीस हेतु सहायता राशि का वितरण एवं बेरोजगारी भत्ता योजनान्तर्गत हितग्राहियों को नियुक्ति पत्र वितरण, हितग्राहियों एवं विद्यार्थियों से संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल से कांकेर जिले के कोरर की निवासी कुमारी शालिनी औरेया ने मुख्यमंत्री से बातचीत की। कुमारी शालिनी का चयन एनआईटी रायपुर में इंजीनियरिंग की पढ़ाई हेतु चयन हुआ है।

उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता के लिए विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। शासन द्वारा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम के विद्यालय खोले जा रहे हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए भी मदद दी जा रही है। कांकेर जिले में शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। बोर्ड परीक्षा की तैयारी के साथ-साथ जेईई, एनडीए एवं नीट की परीक्षा के लिए भी विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया जा रहा है, जिसे अच्छे परिणाम आ रहें हैं। जेईई की परीक्षा में कांकेर जिले के विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय उपलब्धि हांसिल की हैं। कक्षा 12वीं मे अध्ययनरत गणित विषय के विद्यार्थियों को जेईई एडवांश की परीक्षा में शामिल होने के लिए जिले में पहली बार कोचिंग दी गई और पहले ही प्रयास में 71 बच्चे क्वालीफाइड हुए, जिसमें 64 बच्चे आदिवासी हैं। क्वालीफाईड बच्चों में से 39 बालक एवं 32 बालिकाएं शामिल थी।

# रायगढ़ का हाईटेक लाईब्रेरी संवार रही युवाओं का भविष्य

### ब्रिटिश कालीन जर्जर स्कूल मितान केन्द्र बन युवाओं के सपनों को दे रही उड़ान

**रायगढ़।** 68 वर्ष पुराना रायगढ़ का जिला लाईब्रेरी हाईटेक होकर अब युवाओं का बेहतर भविष्य गढने् का कार्य कर रही है। जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण देखने को मिला ग्राम-उच्चभिट्ठी के मुकेश चौधरी के रूप में जिन्होंने यहां के हाईटेक लाईब्रेरी में पढ़ाई कर पूरे राज्य में सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा में 9 वें रेंक हासिल कर अपना एवं अपने पूरे परिवार सहित जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि जिला प्रशासन के द्वारा लाईब्रेरी को हाईटेक बनाने से उन्हें पढ़ाई में महत्वपूर्ण सहयोग के साथ दिए गए निःशुल्क कोचिंग एवं मार्गदर्शन का लाभ मिला। उसी का परिणाम है कि आज वे सफल हो पाए है। उन्होंने कहा कि इसका पूरा श्रेय कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा सहित पूरा जिला प्रशासन को जाता है।

जिला प्रशासन का ये कारवां यही नहीं रुक रहा। आज जिले के दूरस्थ अंचल में युवाओं के सपनों को पंख देने लगा है। जिला प्रशासन द्वारा जिले के विभिन्न विकास खंड में यूथ सेंटर खोले जा रहे हैं, जिसे स्थानीय बोली में मितान केन्द्र भी कहा जाता हैं। जहा एक बेहतर प्रतियोगी माहौल मिलने के साथ ही बेहतर पुस्तकें, कम्प्यूटर के साथ मुफ्त वाई-फाई की सुविधा एवं पर्याप्त बैठक व्यवस्था उपलब्ध होती हैं। जो किसी भी परीक्षा के फोकस के लिए जरूरी होता है।

उल्लेखनीय है कि घरघोड़ा स्थित 1914 ब्रिटिश काल में शास.बालक प्राथमिक शाला का निर्माण हुआ था, जो कई वर्षो से जर्जर हो चुका था। जहां जिला प्रशासन ने एनटीपीसी तलाई पाली के सहयोग से जीर्णोद्धार कर सभी सुविधाओं से युक्त मितान केंद्र बनाया गया। आज ये शासकीय प्राथमिक शाला मितान केंद्र के रूप में सुसज्जित होकर कई युवाओं के सपने बुनने का कार्य कर रही हैं। जिसका लाभ आज जिले के दूरस्थ विकास खंड घरघोड़ा की रीना बंते भी उठा पा रही हैं। वे कहती है आदिवासी अंचल में इस तरह पहली बार हुआ हैं, जो पढ़ाई की सुविधा किसी शहर में ही सोच सकते थे, वह आज मितान केंद्र (यूथ सेंटर) के रूप अपने विकासखण्ड में ही देखने को मिल रहा है। यहां बैठक व्यवस्था, कंप्यूटर, लाइब्रेरी, वाई-फाई के साथ ही स्थानीय स्तर पर कोचिंग की व्यवस्था उपलब्ध है। जो हमें पढ़ाई के साथ विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रोत्साहित करती हैं।

इसी तरह खरसिया विकासखंड निवासी भूपेंद्र जो कि बीपीएल श्रेणी में आते हैं, लिहाजा उनके पास न ही प्रतियोगी माहौल, पर्याप्त बुक और ना ही अन्य संसाधन थे। जिससे वे बेहतर तरीके से परीक्षाओं की तैयारी कर सके। लेकिन यूथ सेंटर के खुलने से मानों उनके दबे सपने फिर से उड़ान भरने लगे।

# ललित की पढ़ाई होगी अब आसान, कलेक्टर सिन्हा ने दिया टेबलेट

### कलेक्टर सिन्हा ने सुनी जनसामान्य की समस्याएं, अधिकारियों को दिए निराकरण के निर्देश

**रायगढ़।** विकासखंड खरसिया के ग्राम-तुरेकेला निवासी दिव्यांग ललित साहू अपनी आगे की पढ़ाई में सहायता हेतु टेबलेट की मांग को लेकर आज जनचौपाल में पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि वे शत-प्रतिशत दृष्टि बाधित है। कलेक्टर श्री सिन्हा ने ललित को मौके पर जनचौपाल में टेबलेट प्रदान किया और कहा कि अच्छे से पढ़ाई करो। टेबलेट पाकर ललित ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि टेबलेट के माध्यम से वे अच्छे से पढ़ाई कर पायेंगे। उन्होंने कलेक्टर को धन्यवाद ज्ञापित किया।

पुराना सदर बाजार निवासी धर्मेंद्र अग्रवाल अपनी बेटी की अंक सूची एवं टीसी के संबंध में आवेदन लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी अतरमुड़ा के निजी स्कूल से 8वीं उत्तीर्ण हो चुकी हैं। आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण वे फीस नहीं जमा नहीं कर पाए। वही प्रमाण पत्र के अभाव में अब उनकी पुत्री आगे की पढ़ाई नहीं कर पा रही हैं। उन्होंने अंक सूची एवं टीसी प्रदान करवाने हेतु निवेदन किया। इसी प्रकार उर्दना निवासी श्री शशिकांत मिंज अपने दोनों बेटों के टीसी के संबंध में आवेदन लेकर पहुंचे। उन्होंने बताया कि उनके दोनों बेटे निजी स्कूल में पढ़ाई कर रहे थे, अब वे उन्हें गांव के शासकीय स्कूल में भर्ती करवाना चाहते है। लेकिन टीसी के अभाव में एडमिशन में



दिक्कत हो रही हैं। उन्होंने टीसी प्रदान करवाने के लिए निवेदन किया। कलेक्टर श्री सिन्हा ने डीईओ को आवेदन के निराकरण के निर्देश देते हुए कहा कि वर्तमान में एडमिशन प्रक्रिया चल रही हैं। अतः टीसी, अंक सूची से संबंधित सभी कार्यों को प्राथमिकता से निराकरण करें।

इसी प्रकार जनचौपाल में पेंशन, राशन, राजस्व, चिकित्सा, पेयजल, भू-अर्जन, विद्युत, शिक्षा, वनअधिकार पत्र, पेंशन, श्रम, राशन आदि से संबंधित कुल 112 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए थे। कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने जिला स्तरीय अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण के निर्देश दिए। इसी क्रम में विकास खंड पुसौर के ग्राम छपोरा निवासी श्री घसिया राम ट्रायसाइकल की मांग लेकर जन चौपाल में पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि शारीरिक रूप से दिव्यांग होने के कारण चलने-फिरने में असमर्थ हैं। उन्होंने कलेक्टर श्री सिन्हा से ट्रायसाइकिल की मांग की। कलेक्टर श्री सिन्हा ने समाज कल्याण को आवेदन के निराकरण के निर्देश दिए। इसी प्रकार रामगुड़ी पारा निवासी कृष्ण गोपाल केशरवानी अपने पुत्र के ईलाज के संबंध में आवेदन लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि उनका पुत्र काफी दिनों से बीमार हैं। स्थानीय स्तर पर प्राइवेट अस्पताल में इलाज करवाया जा रहा हैं। उन्होंने बताया कि उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं हैं एवं डॉक्टरों ने उनके पुत्र का इलाज अन्य अस्पताल में करवाने की सलाह दी हैं। उन्होंने अपने पुत्र के इलाज के लिए आर्थिक मदद का निवेदन किया। आवेदन पर कलेक्टर श्री सिन्हा ने सीएमएचओ को इलाज के संबंध में निर्देशित किया।

# विधायक राठिया ने किया यूथ सेंटर एवं पुस्तकालय का लोकार्पण

**रायगढ़।** सन् 1914 ब्रिटिश शासन काल के दौरान घरघोड़ा मुख्यालय में बने शासकीय प्राथमिक स्कूल ने न जाने कितनों की इस परिसर में शिक्षा के माध्यम से जीवन संवारा होगा। लेकिन वहीं परिसर कई सालों से जीर्ण-शीर्ण अवस्था में अपने कायाकल्प की बाट जोह रहा था। जिसको साकार किया कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा की सोच ने। जिनके माध्यम से आज यह परिसर का पूर्णता जीर्णोद्धार हो चुका है। अब यहां बच्चों को शिक्षा के साथ कई सुविधाएं एक ही परिसर में उपलब्ध हो चुकी है। जिसका आज धरमजयगढ़ विधायक श्री लालजीत सिंह राठिया ने लोकार्पण किया।

कलेक्टर श्री सिन्हा की पहल पर एनटीपीसी लिमिटेड तलाईपाली के सहयोग से शासकीय प्राथमिक स्कूल एवं यूथ सेंटर का आज जीर्णोद्धार किया गया। मुख्य बात यह है कि पूर्व में यहां केवल जीर्ण-शीर्ण अवस्था में शासकीय प्राथमिक स्कूल संचालित हो रहा था। लेकिन अब यह शासकीय



प्राथमिक स्कूल मॉडल स्कूल के रूप में सुसज्जित हो चुका है। इसके साथ ही यहां युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बेहतर वातावरण प्रदान करने यूथ सेंटर में लाईब्रेरी, डिजिटल लाईब्रेरी, वाई-फाई के साथ ही बच्चों के लिए स्मार्ट क्लास, प्ले रूम, स्पोर्ट्स रूम, बैडमिंटन कोट के अलावा सभाकक्ष भी बनाया गया है। जिससे आज एक ही परिसर में बच्चों को कई प्रकार की सुविधाएं मुहैय्या हो रही है।

आज घरघोड़ा में स्थित शासकीय प्राथमिक स्कूल परिसर स्थित यूथ सेंटर घरघोड़ा का जीर्णोद्धार एवं पुस्तकालय का लोकार्पण कार्यक्रम में धरमजयगढ़ विधायक श्री लालजीत सिंह राठिया ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप जिले के कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा की सोच शिक्षा के क्षेत्र को बेहतर करना है। इसका परिणाम है कि धरमजयगढ़ के हाटी में पुस्तकालय के साथ आज घरघोड़ा में बच्चों के लिए यूथ सेंटर प्रारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि यहां प्रतियोगिता परीक्षा के लिए बच्चों को बेहतर वातावरण मिलेगी। उन्होंने बच्चों को पढ़ने एवं आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। कलेक्टर श्री सिन्हा ने कहा कि शासन वर्तमान में स्कूली शिक्षा को फोकस कर कार्य कर रही है।

जिसके तहत आज पूरे प्रदेशभर में स्कूलों का जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है। वहीं जिले के लिए स्वीकृत राशि प्रदेश भर के जिलों में सबसे अधिक है। जिले में बच्चों को बेहतर शैक्षणिक माहौल देने स्कूलों का कायाकल्प किया जा रहा है। इसके साथ ही शासन ने सभी वर्गो को ध्यान में रखकर विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है। जैसे बेरोजगारों के लिए बेरोजगारी भत्ता, किसानों के लिए समर्थन मूल्य में धान खरीदी, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए गौठान में भी विभिन्न गतिविधियां संचालित हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्य में जनभागीदारी आवश्यक है।

यूथ क्लब में रीना बंसे, यश अग्रवाल एवं वैशाली सिंह राजपूत ने कहा कि युवा केन्द्र के बनने से उन्हें अब पढ़ाई के लिए एक उपयुक्त प्रतियोगी माहौल मिला है। उन्होंने इसके लिए उन्होंने जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया। जिला प्रशासन के कार्य से प्रभावित होकर घरघोड़ा के वरिष्ठ नागरिक श्री शिव कुमार शर्मा ने बच्चों के बेहतर शिक्षा हेतु पुस्तकों के लिए 2 लाख रुपये का दान किया।

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र कुमार चौधरी, उपाध्यक्ष नगर पंचायत श्री उस्मान बेग, एसडीएम घरघोड़ा श्रीमती ऋचा ठाकुर, तहसील घरघोड़ा श्री विकास जिंदल, नायब तहसीलदार श्री रामसेवक सोनी, सीईओ जनपद पंचायत श्री नितेश उपाध्याय, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी श्री केशव प्रसाद पटेल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राजस्व मंडल से लेकर तहसील कार्यालयों में प्रकरणों की भरमार

### राजस्व के 80 हजार मामले हैं पेंडिंग

**बिलासपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की नाराजगी और कड़ी चेतावनी के बाद भी किसानों से लेकर आम लोगों व स्कूली बच्चो को राहत मिलते दिखाई नहीं दे रही है। राजस्व मंडल से लेकर तहसील कार्यालय में राजस्व प्रकरणों मि पेंडेंसी लगातार बढ़ती जा रही है। नामांतरण बटांकन के मामलों को भी लटकाया जा रहा है।

किसानो व आम लोगों की समस्या के निराकरण में अफसरों के अलावा अमले की बेपरवाही सामने आ रही गया। इसका अंदाजा राजस्व प्रकरणों की बढ़ती पेंडेंसी से लगाया जा सकता है। बिलासपुर संभाग में राजस्व से सम्बंधित तकरीबन 80 हजार 345 मामले तहसीलदार व नायब तहसीलदार के कोर्ट में लंबित है। किसान से लेकर जरूरतमंद कोर्ट के चक्कर काट रहे हैं। सुनवाई की तिथि में जब मामला लगता है तब इसे आगे बढ़ा दिया जाता है। सीमांकन और बटांकन जैसे मामलों को भी जानबूझकर लंबित रखा जा रहा है।

### शासन ने मांगी जानकारी,तब खुली पोल

अविवादित, विवादित नामांतरण, अविवादित, विवादित बंटवारा, सीमांकन, व्यपवर्तन, आरबीसी 6-4 के तहत आर्थिक सहायता, किसान पुस्तिका, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, अतिक्रमित भूमि का व्यवस्थापन, स्लम पट्टा धारकों को मालिकाना हक प्रदान करने की प्रगति, पटवारी की उपलब्धता एवं उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों का संपादन, भू राजस्व वसूली जैसे बिन्दुओं पर राजस्व विभाग द्वारा किये जा रहे कामकाज की जानकारी राज्य सरकार ने मांगी है।



### मतदाताओं को जागरूक करने ईवीएम मशीन का प्रदर्शन

**बिलासपुर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय स्थित न्यू कंपोजिट बिल्डिंग एवं सभी एसडीएम कार्यालय में मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से ईवीएम मशीनों का प्रदर्शन किया जा रहा है। इसके माध्यम से नागरिकों को ई वी एम मशीन से मतदान की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी जा रही है। ईवीएम मशीनों के माध्यम से मतदान की प्रक्रिया से वाकिफ होने बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं।

# आमजनों की मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं का गंभीरतापूर्वक निराकरण करें - कलेक्टर

**मुंगेली।** कलेक्टर श्री राहुल देव ने कहा कि आमजनों की राशन, पेंशन, पेयजल, सड़क, बिजली, राजस्व प्रकरण आदि से संबंधित समस्याओं का त्वरित निराकरण करें। ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं के लिए बार-बार कार्यालय का चक्कर न काटना पड़े। कलेक्टर श्री देव ने आज जिला कलेक्टोरेट में आयोजित जनदर्शन में आमजनों की समस्याओं, मांगों एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुनी और संबंधित अधिकारियों को निराकरण के लिए सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के आमजन बड़ी आशा के साथ अपनी मांगों व समस्याओं के निराकरण हेतु जनदर्शन में आते हैं। उनकी समस्याओं को दूर करने में सभी अधिकारी गंभीरता दिखाएं।

जनदर्शन में ग्राम परदेशीकापा के रामप्रसाद ने बताया कि वह भूमिहीन है, लेकिन पंजीयन के बावजूद राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना की राशि नहीं मिल रहा है। कलेक्टर ने इसे गंभीरता से लिया और हितग्राही रामप्रसाद को पात्रतानुसार लाभ दिलाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। ग्राम गोल्हापारा के रविकुमार ने बताया कि जमीन विक्रय के बाद शेष भूमि का रकबा आनलाईन में कम दिखा रहा है। इसके कारण शासन की कई योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। कलेक्टर ने संबंधित राजस्व अधिकारी को किसान की समस्या का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी तरह ग्राम खैरवार के जितेन्द्र आहिरे ने केसीसी के तहत ऋण दिलाने, रामगोपाल तिवारी वार्ड के संतोष पाठक ने मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना का लाभ दिलाने, महाराणा प्रताप वार्ड मुंगेली के गजाधर अंचल ने पैतृक भूमि का बटांकन कराने, ग्राम झाफल के सरपंच ने ग्राम के वार्ड क्रमांक 07 में नाली व सीसीरोड निर्माण कराने, ग्राम झझपुरीखुर्द के मलती साहू ने बैटरी चलित वाहन प्रदान करने, ग्राम चोरभट्ठी के होलीराम ने अपनी जमीन का सीमांकन कराने, ग्राम निरजाम के मोंगरा गोस्वामी ने मुआवजा राशि दिलाने सहित 99 आवेदकों ने अपनी मांगों, समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन सौंपे।

# अब कलेक्टर की कमेटी में संवरेंगे 13 स्कूल

### चयनित स्कूलों का आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालयों के रूप में किया जाएगा उन्नयन

**बिलासपुर।** जिले के 13 स्कूलों को स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में उन्नयन किया जाएगा। इन स्कूलों को कलेक्टर की अध्यक्षता में बनी कमेटी में शामिल किया गया है। वर्तमान में संचालित समस्त व्यवस्था को कमेटी को हस्तांतरित किया जाएगा। अब कलेक्टर की निगरानी में स्कूलों में समस्त संसाधन उपलब्ध कराएंगे।

राज्य शासन के निर्देश पर साल 2022-23 से स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालयों का संचालन कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित समिति को सौंपा गया था। इसमें सफलता भी मिली है। इस सफलता को देखते हुए राज्य शासन ने निर्णय लिया है कि जिले के 12 स्कूलों को स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में विकसित किया जाए। प्रत्येक स्कूलों के लिए कलेक्टर की अध्यक्षता में एक सोसाइटी का गठन किया जाएगा। इन स्कूलों में वर्तमान में स्वीकृत समस्त पद स्कूल के संचालन के लिए कमेटी को सौंपा जाएगा।

### स्कूलों में बढ़ेगी सुविधा

विद्यालय के संचालन के लिए पंजीकृत सोसाइटी को राज्य शासन द्वारा अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा। सोसाइटी अन्य स्त्रोतों से भी धन जुटा सकेगी। विद्यालय के संचालन के

# मुख्यमंत्री निवास घेराव के लिए निकले अनियमित कर्मचारियों को पुलिस ने रोका

## सक्षम प्राधिकारी ज्ञापन नहीं लेने आए तो गुस्साए कर्मचारियों ने ज्ञापन फाड़ कर जलाया

**रायपुर।** गोपाल प्रसाद साहू प्रांतीय संयोजक छत्तीसगढ़ अनियमित कर्मचारी मोर्चा ने बताया कि प्रदेश में कार्यरत अनियमित कर्मचारियों [संविदा, दैनिक वेतन भोगी, कलेक्टर दर, श्रमायुक्त दर पर कार्यरत श्रमिक, प्लेसमेंट, मानदेय, अशंकालिक, जाबदर, ठेका] अपने नियमितीकरण सहित 4 सूत्रीय मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ अनियमित कर्मचारी मोर्चा एवं छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी फेडरेशन के संयुक्त तत्वावधान में 14 जुलाई को धरना-प्रदर्शन किया एवं मुख्यमंत्री निवास घेराव के लिए निकले, अनियमित कर्मचारियों को पुलिस प्रशासन ने रेलवे लाइन के पास रोक लिया तथा सक्षम प्राधिकारी ज्ञापन लेने नहीं आने पर गुस्साए कर्मचारियों ने ज्ञापन फाड़ कर जलाया7



श्री रामकुमार सिन्हा प्रांतीय संयोजक छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी फेडरेशन ने बताया कि आन्दोलन को समर्थन देने श्री अरुण साव, प्रदेश अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी, श्री अमित जोगी, प्रदेश अध्यक्ष, जोगी जनता कांग्रेस पार्टी, श्री हेमंत पोयम प्रदेश अध्यक्ष, बहुजन समाज पार्टी, श्री कोमल हुपेंडी प्रदेश संयोजक आप पार्टी एवं श्री नवा कुमार सारानिया, सांसद कोकराझार आसाम आए।

श्री अरुण साव, प्रदेश अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी, श्री अमित जोगी, प्रदेश अध्यक्ष, जोगी जनता कांग्रेस पार्टी, श्री हेमंत पोयम प्रदेश अध्यक्ष, बहुजन समाज पार्टी, श्री कोमल हुपेंडी प्रदेश संयोजक आप पार्टी ने अनियमित कर्मचारियों की मांगो को चुनावी घोषणा पत्र में सम्मिलित कर सरकार आने पर समय सीमा में कार्यवाही करने की बात की एवं श्री नवा कुमार सारानिया, सांसद कोकराझार आसाम ने केंद्र प्रवर्तित योजनाओं में कार्यरत अनियमित कर्मचारियों की समस्याओं को संसद में उठाने की बात कही।

श्री प्रेम प्रकाश गजेन्द्र सह संयोजक छत्तीसगढ़ अनियमित कर्मचारी मोर्चा ने बताया की प्रदेश के शासकीय 48 प्रशासनिक विभगों, 650 से अधिक शासकीय कार्यालयों के 60 से अधिक सहयोगी संगठनों/विभाग के 10 हजार से अधिक कर्मचारी इस आन्दोलन में सम्मिलित हुए।





**4 सूत्रीय मांग-**

1. समस्त अनियमित, दैनिक वेतनभोगी एवं संविदा कर्मचारी/अधिकारीयों को नियमित किया जावे तथा नियमितीकरण से वंचित को स्थायीकर्मी बनाकर स्थायीकरण किया जावे। विगत वर्षों से निकाले गए/छटनी किये गए अनियमित कर्मचारियों को बहाल कर छटनी पर रोक लगाई जावे। 3. अंशकालिक कर्मचारियों को पूर्णकालीन किया जावे। 4. शासकीय सेवाओं में आउटसोर्सिंग/ठेका प्रथा को पुर्णतः समाप्त कर कर्मचारियों का समायोजन किया जावे तथा नियत अवधि में नियमित किया जावे।

मोर्चा एवं फेडरेशन के पदाधिकारियों यथा कमलनारायण साहू, चितरंजन दास, मिलापचंद यादव श्रीमती अनुसुइया वैद्य, उमेंद कुमार मार्कंडेय, मनोज सोना, राजेश गुप्ता, अरुण वैष्णव, राजेश गुप्ता, इंदु कश्यप, दोगेन्द्र जंघेल, राजकुमार साहू, युगल साहू , अशोक बघेल, आशीष पाण्डेय, भीमा राम तांदी, रामप्रसाद मंडावी, मनोज कुमार, दमेश्वर साहू , शांति लाल कुमेठी, विनोद बघेल, केदार सिंह राजपूत, रामसकल मिंज, नारायण मरकाम, गिरधर पटेल , आशीष तनेजा, महेंद्र शिवारे, तर्निश जांगडे, हेमंत वर्मा , विकास तिवारी ने सयुक्त रूप से कांग्रेस सरकार द्वारा मांगो पर सकारात्मक कार्यवाही नहीं करने पर आन्दोलन गति देते हुए अनिश्चित आन्दोलन में जाने का अल्टीमेटम सरकार दिया। समस्त कर्मचारियों ने कार्यक्रम के कवरेज के लिए मिडिया को धन्यवाद ज्ञापित किया।



# कलेक्टर ने मितानिनों को सौंपी हर माह 2200 रू. मानदेय राशि की आदेश की प्रतियां

**सक्ती।** राज्य शासन द्वारा लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में सहयोग प्रदान करने वाली मितानिनों को पूर्व में दी जा रही प्रोत्साहन राशि के अतिरिक्त मितानिन कल्याण निधि योजना अंतर्गत राशि में 01.04.2023 से मानदेय में वृद्धि कर प्रतिमाह 2200 (दो हजार दो सौ) रू. देने पर जिले मितानिनों ने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी के प्रति अभार व्यक्त किया। कलेक्टर श्रीमती नुपर राशि पन्ना ने जिला कार्यालय में मितानिनों के प्रतिनिधि मंडल को राज्य सरकार की ओर से इस आशा की जारी आदेश की प्रतियां सौंपी। उन्हे उत्साह के साथ बेहतर लगन से काम करने की शुभकामनाएं दी। जिले के विकास खण्ड सक्ती, डभरा, मालखरौदा सहित जैजैपुर के 1657 मितानिनों को इस बढ़े हुए मानदेय का लाभ मिलेगा। इस अवसर पर प्रदीप कुमार डनसेना जिला समन्वयक मितानिन कार्यक्रम, श्रुति यादव, रजनी राठौर एवं आशा बरेठ ब्लाक समन्वयक तथा समस्त मितानिन प्रशिक्षक सहित जिले के मितानिन उपस्थित थे।

# घरेलू गैस सिलेण्डरों के दुरूपयोग करते पाए जाने पर की गई जप्ती की कार्रवाई

**सक्ती।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के आदेशानुसार सक्ती नगर पंचायत अंतर्गत राजस्व एवं खाद्य विभाग की टीम द्वारा सक्ती के विभिन्न होटलों एवं खाद्य प्रतिष्ठानों पर जांच एवं सैंपल एकत्र करने की कार्यवाही की गई। जिसके अंतर्गत होटल हिमालय ,होटल नटराज ,काके दी हट्टी, छेदी होटल ,बनारसी होटल ,में सघन जांच एवं कार्यवाही की गई। जांच के दौरान घरेलू सिलेंडर का उपयोग करते पाए जाने पर हिमालय होटल के पास से 5 घरेलू सिलेंडर जब्ती की कार्यवाही की गई। साफ सफाई का स्तर संतोषजनक नहीं पाए जाने पर हिमालय होटल पर 5000(पांच हजार) रुपये अर्थदंड आरोपित किया गया। इसी प्रकार काके दी हट्टी रेस्टोरेंट में घरेलू सिलेंडर उपयोग करते पाए जाने पर 2 घरेलू सिलेंडर जब्ती की कार्यवाही की गई एवं 3000 (तीन हजार) रुपये के अर्थदंड आरोपित किया गया। कार्यवाही के अगले चरण में होटल नटराज का जांच किया गया जिसमें निर्धारित मात्रा से अधिक व्यवसायिक सिलेंडर उपयोग करते पाए जाने पर 9 व्यवसायिक सिलेंडर होटल नटराज से जप्त किया गया एवं 6000(छः हजार) रूपये का अर्थदंड लगाया गया। इसके पश्चात बनारसी होटल का जांच किया गया। जांच के दौरान होटल में साफ सफाई का स्तर अत्यंत निम्न पाए जाने पर 5000(पांच हजार) रूपये अर्थदंड की कार्यवाही की गई। इसी प्रकार छेदी होटल बुधवारी बाजार में साफ सफाई का स्तर असंतोषजनक पाए जाने पर 10000 (दस हजार) रूपये का अर्थदंड आरोपित किया गया। इस प्रकार होटलों में राजस्व विभाग एवं खाद्य विभाग की टीम के द्वारा कार्यवाही की गई। एवं खाद्य प्रतिष्ठानों को निर्देश दी गई है कि वे उचित साफ सफाई एवं खाद्य विभाग के नियमों के अनुसार होटल का संचालन करें।जिससे मौसमी बीमारियों से जनता का बचाव हो सके।कलेक्टर एवम् जिला दंडाधिकारी ने आदेशित किया है की उक्त जांच एवम् कार्यवाही आगामी रक्षाबंधन त्योहार तक निरंतर जारी रहेगी।



उक्त कार्यवाही के दौरान तहसीलदार लक्ष्मीकांत कोरी, फूड सेफ्टी ऑफिसर जाहिरा खान, खाद्य निरीक्षक जितेंद्र दिनकर, राजस्व निरीक्षक केशव पटेल, स्वच्छता निरीक्षक तुलसी राम धीवर उपस्थित थे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक- गुलाब दास दीवान, द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. (छ.ग.) भवन, प्रेस काम्प्लेक्स रजबंधा मैदान रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं ग्राम-पोस्ट-पवनी, तहसील-बिलाईगढ़, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.), 493338 से प्रकाशित। RNI NO. CHHHIN/2022/83778 सम्पादक- गुलाब दास दीवान, मो. 9294743139